www.dainikchingari.com
26 जनवरी 1950 को स्थापित
संस्थापक: बाबूसिंह चौहान
बिजनौर : शनिवार, 22 अगस्त , 2026
अंक- 298 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 20

# चिंगारी


पारुल गुलाटी बनीं 'द ट्रेटर्स 2' की चर्चित खिलाड़ी






जी.एस. टॉवर्स, जजी रोड, निकट SRS मॉल (शक्ति चौक), बिजनौर। मो.: 7820079996

# उत्तर प्रदेश में निराश्रित गोवंश संरक्षण से संवर्धन तक



## बनी आत्मनिर्भरता और ग्रामीण रोजगार की नई डगर



उत्तर प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में गोवंश का सदियों से महत्वपूर्ण स्थान रहा है। पशुपालन केवल कृषि का सहायक व्यवसाय नहीं, बल्कि ग्रामीण परिवारों की आजीविका, जैविक खेती और स्थानीय अर्थव्यवस्था का भी आधार रहा है। ऐसे में निराश्रित गोवंश का संरक्षण, उनके भरण-पोषण की व्यवस्था तथा गोवंश आधारित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना एक बड़ी सामाजिक और प्रशासनिक आवश्यकता है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए उत्तर प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने निराश्रित गोवंश संरक्षण नीति-2019 लागू कर गोवंश के संरक्षण, संवर्धन और जनभागीदारी को एक साथ जोड़ते हुए व्यापक व्यवस्था विकसित की है। सरकार की इस पहल का उद्देश्य केवल निराश्रित गोवंश को आश्रय देना नहीं, बल्कि उनके संरक्षण के साथ किसानों की फसलों को छुट्टा पशुओं से होने वाली क्षति से बचाना, ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा करना तथा गोबर और गोमूत्र से उपयोगी उत्पाद तैयार कर गो आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूत करना भी है। निराश्रित गोवंश के संरक्षण के लिए प्रदेश में व्यापक आधारभूत ढांचा तैयार किया गया है। वर्तमान में 6,335 अस्थाई गोआश्रय स्थल, 488 गोवंश वन्य विहार/वृहद गो संरक्षण केन्द्र, 242 कांजी हाउस तथा 321 कान्हा गोशालाएं, अर्थात कुल 7,386 गो-आश्रय स्थलों में लगभग 12,37,694 गोवंश संरक्षित किए गए हैं। इन आश्रय स्थलों के माध्यम से निराश्रित गोवंश को सुरक्षित स्थान, चारा, पानी और आवश्यक देखभाल उपलब्ध कराई जा रही है। इससे एक ओर गोवंश के संरक्षण को मजबूती मिली है, वहीं दूसरी ओर किसानों की फसलों को छुट्टा पशुओं से होने वाले नुकसान को दूर करने में भी मदद मिली है।

### मुख्यमंत्री सहभागिता योजना से पशुपालकों को मिला सहारा

प्रदेश में गोवंश संरक्षण को जनभागीदारी से जोड़ने के लिए मा. मुख्यमंत्री सहभागिता योजना तथा पोषण मिशन के अंतर्गत भी महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। इसके तहत अब तक 1,14,481 पशुपालकों को 1,84,227 गोवंश सुपुर्द किए जा चुके हैं। इस व्यवस्था से संरक्षित गोवंश को परिवार आधारित देखभाल का अवसर मिलता है और पशुपालकों को भी पशुपालन के माध्यम से अतिरिक्त आर्थिक गतिविधियों से जुड़ने का अवसर प्राप्त होता है। इस प्रकार सरकारी संरक्षण व्यवस्था और जनभागीदारी के बीच एक प्रभावी समन्वय स्थापित हुआ है। प्रदेश सरकार ने सुपुर्दगी में प्राप्त गोवंश के भरण पोषण के लिए प्रति गोवंश धनराशि बढ़ाते हुए रू0 1500 प्रति माह कर दिया है। संरक्षित गोवंश के बेहतर भरण-पोषण को सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने पूर्व निर्धारित 30 रुपये प्रति गोवंश प्रतिदिन की धनराशि को बढ़ाकर 50 रुपये प्रति गोवंश प्रतिदिन कर दिया है। वर्तमान में संरक्षित गोवंश के भरण-पोषण के लिए प्रदेश सरकार द्वारा प्रतिदिन लगभग 7 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा रहा है। इस बढ़ी हुई सहायता से गो-आश्रय स्थलों में चारे एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने में मदद मिल रही है। सरकार का प्रयास है कि संरक्षित गोवंश को पर्याप्त पोषण और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध रहे।

### गोबर से उत्पाद तथा गो संरक्षण से मिला रोजगार

प्रदेश सरकार द्वारा गोवंश संरक्षण को आर्थिक गतिविधियों से जोड़ने के लिए गो-आधारित उत्पादों के निर्माण को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। प्रदेश के 38 जनपदों में गो-काष्ठ, गो-पेंट, वर्मीकम्पोस्ट, गोदीप, गमला, धूपबत्ती, अगरबत्ती, पंचगव्य, घनामृत और जीवामृत जैसे उत्पादों की निर्माण इकाइयां संचालित हैं। गोबर को केवल अपशिष्ट मानने के बजाय उपयोगी संसाधन के रूप में इस्तेमाल करने की यह पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है। वर्मीकम्पोस्ट तथा अन्य गोबर आधारित उत्पाद जैविक एवं गो-आधारित खेती को बढ़ावा देने में भी सहायक हैं। इन गतिविधियों में महिला समूहों की भागीदारी बढ़ने से ग्रामीण महिलाओं के लिए भी आय के नए अवसर विकसित हो रहे हैं।

## यूपी-जापान इन्वेस्टमेंट मीट-2026: बौद्ध सर्किट बनेगा जापान से जुड़ाव का आधार

**लखनऊ ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश सरकार अब अपने तेजी से विकसित हो रहे बौद्ध पर्यटन को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में कदम बढ़ा रही है। इस कड़ी में जापान को प्रदेश का एक स्वाभाविक और महत्वपूर्ण साझेदार माना जा रहा है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शुक्रवार को यामानाशी प्रीफेक्चर के प्रतिनिधिमंडल के साथ हुए संवाद सत्र में कहा कि यामानाशी, जापानी पर्यटकों को उत्तर प्रदेश के बौद्ध और आध्यात्मिक स्थलों से जोड़ने में अहम भूमिका निभा सकता है। लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान (आईजीपी) में आयोजित कार्यक्रम में यामानाशी के गवर्नर कोटारो नागासाकी और डिप्टी-गवर्नर जुनिची इशिदेरा के नेतृत्व में आए प्रतिनिधिमंडल ने हिस्सा लिया। संवाद सत्र में उत्तर प्रदेश सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों और पर्यटन उद्योग से जुड़े प्रतिनिधियों ने दोनों क्षेत्रों के बीच मौजूद सांस्कृतिक संबंधों को पर्यटन गतिविधियों और संस्थागत सहयोग में बदलने की संभावनाओं पर चर्चा की। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वर्ष 2017 के बाद प्रदेश में बौद्ध पर्यटन के विकास की सोच में व्यापक बदलाव आया है।


बिजनौर में खुल गया है

ATHER

कम डाउन पेमेंट कम ब्याज दर

आज ही लायें एथर स्कूटर

ATHER



बिजनौर/धामपुर में एथर शोरूम के लिये आवश्यकता है- शोरूम मैनेजर, सेल्स एक्सयूटिव एवं मैकेनिक की।

मो. 8192801901

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शनिवार, 22 अगस्त , 2026

## जयंत चौधरी के साथ खुलकर आईं मायावती, कहा- अखिलेश तुरंत माफी मांगें

नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। सपा प्रमुख अखिलेश यादव के चवन्नी को रुपया बना दिया वाले बयान पर उत्तर प्रदेश की सियासत गरमा गई है। आरएलडी अध्यक्ष जयंत चौधरी ने अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए उन पर जाट समाज को टारगेट करने का आरोप लगाया। वहीं अब बसपा सुप्रीमो मायावती ने भी जयंत चौधरी का साथ दिया है। उनका कहना है कि अखिलेश यादव को अपने बयान के लिए माफी मांगनी चाहिए। जयंत चौधरी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तंज कसा है। उन्होंने अखिलेश यादव पर पूरे जाट समाज का अपमान करने का आरोप लगाया। उन्होंने पोस्ट कर कहा कि अगर सियासत की लड़ाई में उन्हें कुछ कहना ही था तो उनका नाम लेकर कहते। इस तरह जाट समाज को टारगेट करना 'ABCD हमने सिखाई' सही नहीं है। उन्होंने अखिलेश को अहंकारी बताते हुए कहा कि उन्होंने इस अहंकार को करीब से देखा है और यही राजनीतिक पतन की वजह बनता है।




# वाराणसी के सभी घाट डूबे, छतों पर हुई आरती-अंतिम संस्कार



**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश में लगातार बारिश से गंगा और घाघरा समेत 6 नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। 13 जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। लखनऊ-बाराबंकी समेत 5 शहरों में आज सुबह से रुक-रुककर बारिश हो रही है। वाराणसी में सभी 84 घाट डूब गए हैं। मणिकर्णिका घाट की छत पर अंतिम संस्कार हो रहा है। दशाश्वमेध घाट की गंगा आरती भी छत पर कराई जा रही है। दिल्ली में शुक्रवार रात से रुक-रुककर बारिश जारी है। महीना खत्म होने से पहले अगस्त में सामान्य से ज्यादा बारिश हो चुकी है। सफदरजंग मौसम केंद्र में 1 से 21 अगस्त के बीच 235.3 मिमी बारिश दर्ज हुई, जबकि अगस्त की सामान्य बारिश 233.1 मिमी है। मौसम विभाग के मुताबिक, दिल्ली में वीकेंड पर भी बारिश जारी रह सकती है। उधर, राजस्थान में मानसून कमजोर पड़ गया है। शुक्रवार को 15 जिलों में बारिश का अलर्ट था, लेकिन 11 जिलों में तेज धूप निकली। बाकी 4 जिलों में भी 10 मिमी से कम बारिश हुई। इससे गर्मी और उमस बढ़ गई है।






धमाका धमाका धमाका

पुरानी के बदले नयी केवल आधे पैसों में

कोई भी कान की पुरानी मशीन
कमर की कोई भी पुरानी बैल्ट
( दर्द के लिए या ऑप्रेशन के बाद )
कोई भी Knee Cap
( घुटनों पर चढ़ाने वाली पट्टी )

कोई भी शुगर चैक करने की पुरानी मशीन लायें और नई ले जायें

हमारें यहाँ बड़े व्यक्तियों के लिए डायपर (Adult Diapper) लेटरिन कुर्सी, स्टूल व पोट, यूरिन पोट, व्हील चेयर, बैसाखी, वॉकर, सिकाई करने वाली बोतल, गरम पट्टी (Crape Bandage), Knee Cap, बेल्ट कमर दर्द के लिए, कॉलर, गले के लिए, Dextrose की बोतल, ऑप्रिशन के बाद बंधने वाली बेल्ट, हरनिया बेल्ट, Anti Dandruff Shampoo, Hand Sanitizer, हाथ धोने के लिए (Cotton, Bandage, Glycerin), मरीजों के लिए (Air Bed, Water Bed) आदि सभी सर्जिकल सामान थोक के उचित मूल्यों पर मिलते है। **पुरानी मशीन की रिपेयर भी होती है।**

गोयल मेडिकल स्टोर
नवयुग मार्केट, निकट रोहित होटल, बिजनौर
फोन - 9411012482, 8273387326
नौकरी के लिये युवक-युवतियां सम्पर्क करें।

# लखनऊ में डबल मर्डर और सुसाइड मामले में अहम खुलासा



**लखनऊ ( चिंगारी )**। लखनऊ में हुए तिहरे हत्याकांड और आत्महत्या मामले की पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने कई चौकाने वाले खुलासे किए हैं। प्रारंभिक जांचों से पता चला है कि यह गंभीर घटना पारिवारिक कलह और वित्तीय विवादों का परिणाम थी। घटना में मारे गए मानस, उसकी पत्नी दिव्या और बहन तूलिका के शवों का डॉक्टरों के पैनल द्वारा विस्तृत पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार, दिव्या और तूलिका के सिर में गोली फंसी पाई गई, जबकि मानस के सिर से गोली आरपार हो गई थी। दिव्या के चेहरे और सिर पर चोट के छह निशान भी मिले हैं, जो घटना की गंभीरता को दर्शाते हैं। सूत्रों के अनुसार, 18 अगस्त को पारिवारिक न्यायालय में तलाक के मामले में सुनवाई के दौरान मानस और दिव्या के बीच गुजारा भत्ता (एलिमनी) को लेकर तीखी बहस हुई थी। इस विवाद से मानस इतना आहत हुआ कि उसने अपनी पत्नी और बहन की हत्या कर खुदकुशी करने की योजना बनाई। पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि मानस ने इस भयानक घटना को अंजाम देने के लिए दो असलहे खरीदे थे। पुलिस इस मामले की तह तक जाने के लिए दोनों पक्षों के वकीलों से संपर्क साध रही है। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि 18 अगस्त को कोर्ट परिसर में ऐसी कौन सी घटना हुई, जिसके चलते मानस ने यह कदम उठाया। पुलिस कोर्ट परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज की भी बारीकी से जांच कर रही है ताकि दंपती के बीच हुई किसी भी प्रकार की कहासुनी या घटना का पता लगाया जा सके। दिव्या के बहनोई भरत यादव ने उसका शव ले जाकर बैकुंठ धाम पर अंतिम संस्कार किया, जहां सतीश चंद्र मिश्र ने अपनी बेटी को मुखाग्नि दी। वहीं, मानस और तूलिका के शवों के पोस्टमार्टम में देरी को लेकर परिजनों ने हंगामा किया, जिसे पुलिस ने हस्तक्षेप कर शांत कराया।

# ‘मैं रिजाइन करता हूं, ईश्वर करेगा न्याय’

**लखनऊ ( चिंगारी )**। यूपी के कन्नौज में कांवड़ यात्रा के दौरान डीजे को लेकर ऐसा बवाल हुआ कि मामला पुलिस और कांवड़ियों की भिड़ंत तक पहुंच गया। डीजे शहर के अंदर ले जाने से रोकना पुलिस को भारी पड़ गया। पहले कहासुनी हुई, फिर धक्का-मुक्की और उसके बाद कांवड़िए सड़क पर बैठकर धरना देने लगे। माहौल इतना गरमा गया कि प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर कांवड़ियों से माफी मांगनी पड़ी। यहां तक कि कोतवाल ने भी कांवड़ियों के सामने भरे मैदान में अपने इस्तीफे का ऐलान कर दिया। आखिरकार डीजे को आगे ले जाने की अनुमति मिली और तब जाकर मामला शांत हुआ। ये कहानी हरदोई के बिलग्राम और आसपास के इलाकों से शुरू होती है। लोगों का कहना है कि पिछले करीब 30 साल से यहां से बड़ी संख्या में कांवड़िए कन्नौज के सिद्धपीठ गौरीशंकर मंदिर में गंगाजल चढ़ाने आते हैं।

**कांवड़ियों के सामने कोतवाल का ऐलान, डीजे पर हुआ था बवाल**

मिर्गी दौरे
(मिर्गी के लक्षण)
1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना





डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S.,
Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)
1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में
मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने,
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423



महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज
मात्र 5 लाख रुपयों में
100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।
आसान किस्तों में भी प्लॉट उपलब्ध
सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने के लिये सम्पर्क करें-
अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234





Gents Specialist
CLASSIC TAILORS
9927060150
Suit Sherwani Pant Shirt
Fancy Coat Ladies Coat
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor

Kajaria
TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom



DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर

# खादर क्षेत्र में बाढ़ का संकट गहराया
# पानी घरों तक आया

लगातार बढ़ते जलस्तर के बीच खादर क्षेत्र के ग्रामीण अब प्रशासन की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि हर साल बरसात के मौसम में उन्हें बाढ़ की समस्या से जूझना पड़ता है। उनका कहना है कि केवल तत्काल राहत ही नहीं, बल्कि बाढ़ की समस्या का स्थायी समाधान भी किया जाना चाहिए। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से खादर क्षेत्र के संपर्क मार्गों को ऊंचा कराने, जल निकासी की व्यवस्था मजबूत करने तथा बाढ़ से बचाव के लिए स्थायी इंतजाम कराने की मांग की है।

-फिरोज आलम

**हीमपुर दीपा (चिंगारी)।** गंगा नदी का जलस्तर एक बार फिर तेजी से बढ़ने के कारण क्षेत्र के खादर इलाके में बाढ़ का संकट गहरा गया है। खादर क्षेत्र के करीब एक दर्जन गांवों में बाढ़ का पानी पहुंचने से ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। कई स्थानों पर पानी घरों के आसपास और ग्रामीण रास्तों तक पहुंच गया है। खेत और जंगल जलमग्न होने से जहां किसानों को फसलों की चिंता सताने लगी है, वहीं पशुपालकों के सामने पशुओं के लिए हरे चारे का संकट खड़ा हो गया है। हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के गांव बलिया नागली, सीकरी, सलेमपुर खादर, ढोलपुर,



फैजीपुर खादर, महमूद खादर, विजयनगर और बितरोला फार्म समेत आसपास के गांवों में बाढ़ की स्थिति लगातार गंभीर होती जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि गंगा का जलस्तर बढ़ने के साथ ही निचले इलाकों में पानी तेजी से फैल रहा है। कई ग्रामीणों को अपने घरों से बाहर निकलने और जरूरी सामान लाने-ले जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बाढ़ के पानी ने ग्रामीण क्षेत्रों की यातायात व्यवस्था को भी प्रभावित कर दिया है। जलीलपुर-सलेमपुर-छाछरी मोड़ संपर्क मार्ग पर पानी पहुंचने से आवागमन बंद हो गया है। वहीं जहानाबाद-बितरोला फार्म मार्ग पर करीब तीन फीट पानी भरने के कारण मार्ग काफी दिनों से बंद पड़ा है। मार्ग बंद होने से ग्रामीणों को दूसरे रास्तों से आवागमन करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि संपर्क मार्गों पर पानी भरने से स्कूल जाने वाले बच्चों, किसानों, मजदूरों और जरूरी काम से बाहर जाने वाले लोगों को सबसे अधिक परेशानी हो रही है। अगर यही हाल रहा तो आपात स्थिति में मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाना भी चुनौती बन सकता है।



## पशुओं के लिये चारे का संकट

बाढ़ का पानी खेतों और जंगल में भरने के कारण पशुपालकों की परेशानी भी बढ़ गई है। खूब सिंह प्रधान, बबलू चौहान, आर्यन, विजय कुमार,संजीव चौहान, सरदार बलकार सिंह, सतीश चौहान, गुरचरण सिंह, बलराज, सरदार चीमा, गुरतेज सिंह, डॉ गीताराम, प्रीतम सिंह, धर्मेंद्र कुमार आदि क्षेत्रवासियों का कहना है की जंगल में बाढ़ का पानी भर जाने के चलते पशुओं के लिए हरा चारा उपलब्ध कराने में दिक्कत आने लगी है। कई स्थानों पर चारा लाने के रास्ते भी पानी से प्रभावित हैं।

## चिकित्सकों की टीमें गठित कीं

बाढ़ की स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर भी तैयारी शुरू कर दी है। एसडीएम चांदपुर ने बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लिए चिकित्सकों की टीम गठित की गई है। टीम गांव-गांव जाकर कैंप लगाएगी और ग्रामीणों को आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराएगी। बाढ़ के दौरान जलजनित बीमारियों और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं उन्होंने बताया कि पशुओं के चारे की समस्या के संबंध में सीबीओ बिजनौर को अवगत करा दिया गया है। जरूरत पड़ने पर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पशुओं के लिए चारे की व्यवस्था कराई जाएगी।





## स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची

आज बाढ़ प्रभावित गांव बलिया नगली गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पहुंचकर ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। टीम में डॉ. विवेक कुमार (एमओ), विनीत कुमार (एसएन), मोहित कुमार (सीएचओ) और हिमांशु (सीएचओ) शामिल रहे। टीम ने ग्रामीणों को आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी तथा जरूरतमंद लोगों को दवाइयां उपलब्ध कराईं।

# बाजोपुर में गंदगी व कीचड़ से भरे रास्ते को दुरुस्त कराने का काम शुरू

नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम जगदीशपुर उर्फ बाजोपुर में पिछले करीब पांच वर्षों से गंदगी, कीचड़ व जलभराव का दंश झेल रहे ग्रामीणों को आखिरकार राहत की उम्मीद जगी है। गांव की बदहाल स्थिति की चिंगारी सांध्य दैनिक सहित कई अखबारों में खबरें छपने का प्रशासन ने संज्ञान लिया है। प्रशासन के आदेश के बाद ग्राम प्रधान ने गांव में गंदगी व कीचड़ से भरे रास्ते को दुरुस्त कराने का काम शुरू करा दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से रास्ते की हालत बेहद खराब थी। बारिश के दिनों में कीचड़ व जलभराव के कारण यहां से निकलना तक मुश्किल हो जाता था। स्कूल जाने वाले बच्चों, महिलाओं व बुजुर्गों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। कई बार शिकायतों के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो रहा था। ग्रामीणों में इस बात को लेकर काफी नाराजगी थी कि पांच वर्षों से प्रधान की नाकामी का खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ रहा था। लोगों का कहना है कि जब मीडिया द्वारा उनकी समस्या को प्रमुखता से उठाया गया तो आखिरकार प्रधान की आंखों से पट्टी खुली और बदहाल रास्ते को सही कराने का काम शुरू हो गया है। इसके लिए ग्रामीणों ने पत्रकारों का आभार जताया है। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि केवल रास्ता ठीक कराने से समस्या खत्म नहीं होगी। गांव में नियमित सफाई, नालियों की सफाई व जलनिकासी की व्यवस्था भी दुरुस्त होनी चाहिए। अब ग्रामीणों की नजर इस बात पर टिकी है कि गांव में शुरू हुआ काम कितनी मजबूती से पूरा होता है और गांव को वास्तव में गंदगी व जलभराव से कब स्थायी निजात मिलती है।



# पेड़ से लटककर आत्महत्या की

**नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम रानीपुर में एक 35 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में हड़कंप मच गया। बताया गया कि ग्राम रानीपुर निवासी 35 वर्षीय सुमित पुत्र महेंद्र सिंह ने जंगल में पेड़ से लटकर फांसी लगा ली। परिजनों को जैसे ही इसकी सूचना मिली वे जंगल की ओर दौड़ पड़े। सुमित को फांसी पर लटका देख परिजनों में कोहराम मच गया, तत्काल युवक को नीचे उतारा उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। वहां चिकित्सक ने जांच के बाद उसे बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद गांव में भी शोक का माहौल है। घटना के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। हालांकि पुलिस का कहना है कि मृतक युवक के परिवार की ओर से किसी भी तरह की कार्रवाई से इनकार किया गया है जिस कारण अग्रिम कार्रवाई नहीं की गई।**

## नवागत एसपी केके विश्नोई का अपना दल एस ने किया स्वागत

नजीबाबाद (चिंगारी)। अपना दल एस के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी ने नवागत एसपी केके बिश्नोई को बिजनौर का नया पुलिस अधीक्षक बनाए जाने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनका स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि हंसमुख चेहरा, तेजतर्रार तेवर व कानून व्यवस्था को लेकर सख्त कार्यशैली वाले पुलिस अधिकारी का बिजनौर आगमन जिले के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। केके बिश्नोई ने संभल में कानून व्यवस्था को मजबूत करने के साथ पुलिस विभाग में जवाबदेही पर भी जोर दिया। लापरवाही मिलने पर कार्रवाई व अपराधियों के खिलाफ सख्त रुख उनकी कार्यशैली का हिस्सा रहा है। संभल में उनके कार्यकाल के दौरान कानून व्यवस्था को लेकर किए गए कार्यों व संगठित अपराध के खिलाफ कार्रवाई के लिए उन्हें मुख्यमंत्री उत्कृष्ट सेवा अलंकरण सम्मान से भी सम्मानित किया गया था।

**भली लगे या बुरी...**

## पार्टियों की चुनावी रणनीति

विगत विधानसभा चुनावों में शानदार विजय के बाद हालिया महीनों में अयोध्या राम मंदिर में चंदा चोरी, नीट परीक्षा में छात्रों के आंदोलन के परिणामस्वरूप, केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे तथा संसद सत्र में 'महत्वाकांक्षी' विधेयक पेश न कर पाने के कारण भाजपा को रक्षात्मक स्थिति में आना पड़ा है। बढ़ती मंहगाई और बेरोजगारी जले पर नमक का काम कर रही है। भाजपा इस स्थिति से बाहर निकल कर फिर से आगामी विधानसभा चुनावों में विपक्ष पर हावी होने के लिए अपनी आक्रामक रणनीति बनाने के लिए प्रयासरत है। कॉकरोच जनता पार्टी के आंदोलन के बाद देश में युवा मतदाता, यानी जेन-जी और जेन-अल्फा राजनीति के केन्द्र में आ गए हैं और भाजपा समेत सभी राजनीतिक दल युवा पीढ़ी को अपने साथ लाने के लिए प्रयासरत हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घोषणा की है कि जल्द ही 'युवा नीति' की घोषणा की जाएगी। ऐसा करने वाले वे भाजपा के पहले मुख्यमंत्री हैं। हालांकि, कांग्रेस नेता राहुल गांधी तथा सपा नेता अखिलेश यादव भी युवाओं को अपने पक्ष में लाने का भरसक प्रयास कर रहे हैं और उनको भाजपा के खिलाफ लामबंद करना चाहते हैं। विशेषकर राहुल गांधी की लोकप्रियता जेन ज़ी के बीच बढ़ रही है। अखिलेश यादव ने हाल ही में कहा है कि जेन-जी ने भाजपा को झुका दिया है, पर सोशल मीडिया के माध्यम से एकत्र होने वाले जेन-जी को चुनावी राजनीति में लाना तथा उनको किसी पार्टी के पक्ष में मतदान के लिए प्रेरित करना आसान नहीं है। बसपा सुप्रीमो सुश्री मायावती ने भी अपने भतीजे तथा युवा नेता आकाश यादव को चुनावी रणनीति में अहम भूमिका सौंपी है तथा बसपा इस बार 'करो या मरो' की भावना के साथ अपना अस्तित्व बचाने की लड़ाई लड़ रही है। हाल ही बसपा के एकमात्र विधायक उमाशंकर सिंह के निधन से बसपा का विधानसभा में प्रतिनिधित्व शून्य हो गया है और उसका एक भी सांसद नहीं हैं। यह तथ्य अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि पिछले 15 साल में लगातार घटते ग्राफ के बावजूद बसपा के कोर जाटव मतदाताओं का बड़ा हिस्सा उसके साथ बना हुआ है। हालांकि आजाद समाज पार्टी नेता चंद्रशेखर उसे अपने पक्ष में लाने के लिये जी-तोड़ मेहनत कर रहे हैं। ऐसे में बसपा द्वारा मजबूती से चुनाव लड़ने पर सपा के साथ ही भाजपा के भी चुनावी समीकरण प्रभावित हो सकते हैं।

# एक संदेसा नौजवानों के लिए...

एक संदेसा लाती है पवन उन फौजियों के लिए, जो दूर कहीं सीमा पर रहते हैं, जान की बाजी लगा देते हैं मातृभूमि के लिए,

नहीं होता जिनकी जान का जरा सा भी मोल किसी पड़ोसी देश के लिए, कड़कती ठंड हो या चिलचिलाती धूप, डटे रहते हैं जो सीमा पर हम सबके घरों में सुरक्षित रहने के लिए,पाल पोसकर बड़ा करते हैं जिनके मां-बाप भी बड़े प्यार से उनको जीने के लिए, क्या हिम्मत होती होगी, उनकी क्या जिगर होता होगा जो देते हैं, बलिदान हम सब देशवासियों के लिए। हम-तुम तो बैठे रहते हैं घरों में सुरक्षित, एक क्षण सोचते भी नहीं उनके इस परिश्रम के लिए। आपस में ही लड़ बैठते हैं अपने-अपने धर्म के लिए। हर धर्म के होते हैं वो, पर उनकी एक ही मां होती है, वह लड़ते हैं बस अपनी मातृभूमि के लिए। याद तो उनके अपने भी करते होंगे, तड़पते होंगे। चाहते तो वह भी होंगे कि उनके बच्चे उनके पास ही रहें उम्र भर के लिए। भेजते तो होंगे संदेसे वो भी अपने सपूतों को घर लोट आने के लिए। मां-बाप की आंखों के आंसू दिखते होंगे उन्हें हर दर्द भरे मैसेज में, बहन की राखी तड़पती होगी सूने हाथ पर बंधने के लिए, पत्नी का प्यार तड़पता होगा मिलने के लिए, बच्चे भी उनके जिद करते होंगे उन्हें वापस बुलाने के लिए। नई सुहागन करती होगी रात-दिन इंतजार, रो पड़ती होंगी चूड़ियां सूने हाथों में सजने के लिए।



मोहल्ले की गालियों और नुक्कड़ के दोस्त भी करते होंगे प्रार्थना उनके साथ समय बिताने के लिए। चले जाते हैं जो अपनों से हर वादा तोड़कर सिर्फ मातृभूमि की रक्षा के लिए। 15 अगस्त हो या 26 जनवरी बस दो ही दिन याद करते हैं हम उन्हें, वो भी सिर्फ दुनिया को दिखाने के लिए। क्या कर सकता है कोई फिल्मों का हीरो बराबरी उनकी? नवयुवक-युवतियां पागल रहते हैं जिनके पीछे खुद हीरो-हीरोइन बनने के लिए!

सीने पर गोलियां खाते हैं जो देश के उज्जवल भविष्य को जिंदा रखने के लिए। कुछ तुम भी अपना फर्ज निभा लो कुछ तुम भी इस देश को संभालो, भटकते हुए नौजवानों, यही संदेसा लाई है पवन तुम सबके लिए। मत रहो हर पल डूबे सोशल मीडिया की रीलों में, कुछ कर दिखाओ तुम भी देश की तरक्की के लिए। न लगा सको गर जान की बाजी युद्ध के मैदान में, तो खुद को बनाओ काबिल देश को हर क्षेत्र में विकसित कराने के लिए, स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस पर केवल झंडा फहराने से कुछ नहीं होगा, जागरूक होना पड़ेगा हर नौजवान को इस देश को संभालने के लिए। बस यही एक संदेसा लाई है पवन, नौजवानों तुम सबके लिए! जय हिंद जय भारत!

**▶▶शिखा अग्रवाल, बिजनौर**


# एकता के घूंसे के सामने भागना पड़ा अंग्रेजों को

देश ने अपना 80वां स्वतंत्रता दिवस पूरी आन-बान और शान से मनाया। देश की आजादी का यह सुनहरा सपना हमारे मतवाले स्वतंत्रता सेनानी बरसों से देखते आ रहे थे। अंग्रेजों के खूनी पंजों से भारत को मुक्त कराने के लिए देश के कई राजाओं, नवाबों और अनगिनत देशभक्त संगठनों से डटकर मुकाबला किया।

परंतु शुरूआत में नाकामी इसलिये मिली क्योंकि जालिम हुकूमत का मुकाबला किसी एक उंगली से नहीं किया जा सकता था। हाथ की जो भी उंगली अकेले सामने आई, उसे या तो तोड़ दिया गया या काट दिया गया। 80 वर्ष पहले वह सुनहरा अवसर आया जब हाथ की पांचों उंगलियों में एकता पैदा हुई। सभी धर्मों और वर्गों के सहयोग से जब ये उंगलियां एकजुट हुईं, तो एक मजबूत और शक्तिशाली भारतीय घूंसा बना। जब यह एकता का घूंसा ताबड़तोड़ अंग्रेजों के सिर पर पड़ा, तो उन्हें रातों-रात भारत की इस पवित्र भूमि को छोड़कर भागना पड़ा।



**-कारी अब्दुल हन्नान**
**मो. 8279961127 )**



इस ऐतिहासिक सच्चाई को याद करते हुए मैं अपनी ओर से सभी देशवासियों को, विशेषकर हमारे पढ़े-लिखे और बहादुर युवाओं को बधाई देता हूं। इसी अवसर पर मैं चार पक्तियां प्रस्तुत कर रहा हूं। मुझे आशा है कि इन्हें पढ़कर हम सब अपने बुजुर्गों के नेतृत्व और उनके दिखाए मार्ग से प्रेरणा लेंगे, देश के दुश्मनों से उसी बहादुरी से निपटेंगे और भारत की खुशहाली के लिये अपनी एकता हमेशा बनाए रखेंगे।

**ये चमन यूं ही रहेगा, और हजारों बुलबुलें,**
**अपनी-अपनी बोलियां सब बोलकर उड़ जाएंगी।**
**भाईचारे को अगर भारत में जिंदा कर दिया,**
**देखना फिर धीरे-धीरे आपस में सब जुड़ जाएंगे।**

# प्रोफेसर पी.के. त्यागी द्वारा आत्महत्या से शहरवासी सकते में

## मुकदमे को लेकर टेंशन में थे, बैराज पुल से गंगा में लगा दी छलांग

**बिजनौर ( चिंगारी )।** गीतानगरी निवासी वर्धमान डिग्री कॉलेज के सेवानिवृत्त वनस्पति विज्ञान प्रोफेसर पी. के. त्यागी (75वर्ष) ने कल शाम बैराज पुल से उफनती गंगा में छलांग लगाकर जान दे दी। गंगा में बन रहे नये पुल के पास उनका शव बरामद हुआ। आज पोस्टमार्टम के बाद उसी गंगा बैराज घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया, जहां उन्होंने कल छलांग लगाई थी।


प्रोफेसर पी. के. सिंह का फाइल फोटो

बताया जाता है कि प्रोफेसर पी. के. त्यागी पत्नी से टीवीएस शोरूम जाने की बात कहकर घर से निकले थे। उन्हें गंगा में छलांग लगाते देख आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस चौकी पर सूचना दी। स्थानीय गोताखोरों ने उन्हें गंगा से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

### गेट नंबर एक से लगाई छलांग

परिजनों के अनुसार, कल अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे प्रमोद कुमार त्यागी घर से स्कूटी लेकर निकले थे। उन्होंने पत्नी से टीवीएस शोरूम जाने की बात कही थी। करीब पांच बजे वह गंगा बैराज घाट पर पहुंचे। यहां उन्होंने अपनी स्कूटी खड़ी की और बैराज पुल के गेट नंबर एक से गंगा में छलांग लगा दी।

### खंगाली गई सीसीटीवी फुटेज

घटना की सूचना मिलते ही सीओ सिटी अभय कुमार पांडेय और शहर कोतवाल अवनीत मान पुलिस टीम के साथ गंगा बैराज पहुंचे। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली गई। सूचना मिलते ही परिजन भी गंगा बैराज पहुंच गए। सीओ सिटी का कहना है आत्महत्या की वास्तविक वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है।

### शिक्षा जगत में थी अलग पहचान

प्रोफेसर पी. के. त्यागी वर्धमान डिग्री कॉलेज में वनस्पति विज्ञान के एचओडी के रूप में 15 साल पहले वह सेवानिवृत्त हुए थे। शिक्षा जगत में उनकी अलग पहचान थी। वह बहुत शालीन, संयमी और अनुशासित व्यक्ति थे। कॉलेज में आदर्श शिक्षक के रूप में जाने जाते थे। उनकी मौत की खबर मिलते ही शिक्षा जगत और परिचितों में शोक की लहर दौड़ गई।

### मुकदमे को लेकर तनाव में थे ?

**हालांकि प्रोफेसर पी. के. त्यागी के आत्महत्या करने की वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं है, लेकिन चर्चा है कि जमीनी विवाद से जुड़े मामले में एक महिला ने उनके खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। यह मामला न्यायालय में विचाराधीन है। जिसमें जल्द ही फैसला आना था। बताया जाता है कि प्रोफेसर साहब इस प्रकरण को लेकर मानसिक तनाव में थे। सूत्रों के अनुसार प्रोफेसर त्यागी को डर था कहीं कोर्ट का फैसला उनके विरुद्ध न हो। परिजनों से कहते थे इस उम्र में जेल नहीं जाना चाहता। हालांकि पुलिस ने अभी इस बात की पुष्टि नहीं की है कि मुकदमा ही आत्महत्या की वजह बना।**

### परिवार में पत्नी, बेटा व दो बेटियां

प्रोफेसर पी. के. त्यागी अपने पीछे पत्नी, एक बेटा और दो बेटियां छोड़ गए हैं। उनका बेटा नोएडा में एक कम्पनी में सर्विस करता है और वर्क फ्राम होम पर है। उनकी एक बेटी अमेरिका में रहती है, लेकिन आजकल वह घर आई हुई है।

# जलभराव बना जानलेवा, करंट लगने से दो बैलों की मौत

## ग्रामीणों ने पानी में खड़े होकर विरोध जताया




**स्योहारा ( चिंगारी )।** नगर से सटे गांव चकमहदूद सानी में लगातार जलभराव की समस्या बनी हुई है। शुक्रवार को पानी में करंट उतरने से दो बैलों की मौत हो गयी। गरीब किसान ने बताया कि 60 हजार रुपये की किमत के दो बैल थे जिससे मेहनत कर वह परिजनों का पालन करता था। ग्रामीणों ने इस घटना के बाद पानी में खड़े होकर विरोध दर्ज कराया।

गांव झिल्ला निवासी शोभित पुत्र होशराम शुक्रवार को बैल-बुग्गी लेकर चकमहदूद सानी से होते हुए अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान फाटक के पास सड़क पर काफी पानी भरा हुआ था। पानी से होकर बैल-बुग्गी निकालते समय अचानक उसमें बिजली का करंट प्रवाहित हो गया। करंट की चपेट में आने से दोनों बैलों की मौके पर ही मौत हो गई। किसान के अनुसार मृत बैलों की कीमत करीब 60 हजार रुपये थी। हादसे के बाद आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। ग्राम प्रधान मोहम्मद कासिम ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही विद्युत विभाग को सूचना देकर बिजली आपूर्ति बंद कराई गई। संबंधित अधिकारियों को भी घटना से अवगत कराया गया है। स्थानीय निवासी साजिद ने कहा कि लंबे समय से जलभराव के कारण लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। युवा समाजसेवी अज़हर अज्जू ने बताया कि जलभराव से दैनिक कार्य प्रभावित होने के साथ स्कूली बच्चों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल निकासी की स्थायी व्यवस्था कराने तथा पीड़ित किसान को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है और पानी में खड़े होकर विरोध जताया।

# माहे की टक्कर से बाइक सवार मां की मौत, पुत्र घायल

नांगल सोती ( चिंगारी )। खेत से निकलकर तेज गति से दौड़ते हुए सड़क पार कर रहे माहे ने एक बाइक में जोरदार टक्क मार दी, जिससे बाइक पर सवार महिला की मृत्यु हो गई, जबकि उसका पुत्र को हल्की चोटें आई हैं। शुक्रवार की शाम लगभग 7 बजे थाना कोतवाली शहर क्षेत्रांतर्गत ग्राम जंदरपुर निवासी आमिर ( 20 वर्ष ) पुत्र जाहिद तथा उसकी मां आयशा ( 50 वर्ष ) बाइक से नांगल की ओर अपने घर जा रहे थे। नांगल-चंदक मार्ग पर बरकातपुर चौराहा और ग्राम कामराजपुर के बीच खेतों से निकलकर तेज गति से दौड़ते हुए सड़क पर आये माहे( नीलगाय ) ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। आमिर को तो हल्की चोटें आईं, मगर उसकी मां आयशा सिर में गंभीर चोट आने से बेहोश हो गई। पुलिस ने मां-बेटे को एंबुलेंस द्वारा बिजनौर भिजवाया। जिला अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने मां को मृत घोषित कर दिया। घटना से महिला के परिवार में कोहराम मच गया।



# तस्वीरें बयां कर रही हैं कहानी सच्ची डीएम बच्चियों के बीच बनीं 'बच्ची'


बालिकाओं के लिये बनाये गये भोजन का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी


विद्यालय की छात्राओं से पढ़ाई के बारे में जानकारी लेते हुए जिलाधिकारी।

**बिजनौर (चिंगारी)।** कभी ट्रैक्टर पर बैठकर बाढ़ग्रस्त क्षेत्र का निरीक्षण करने तो कभी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ घुल-मिलकर बात करना, और अब कस्तूरबा गांधी विद्यालय की बालिकाओं के साथ खुद बच्ची बन जाना, जिलाधिकारी जसजीत कौर की एक अलग छवि को दर्शाता है।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कल ग्राम धर्मनगरी स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की बालिकाओं से संवाद कर विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता के साथ-साथ भोजन की व्यवस्था और विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली।

## बालिकाओं से जानी पढ़ाई की स्थिति

अंग्रेजी विषय की परीक्षा समाप्त होने के बाद जिलाधिकारी ने छात्राओं से बातचीत की। बालिकाओं ने बताया कि विद्यालय में पढ़ाई ठीक प्रकार से हो रही है। जिलाधिकारी ने उनके सामान्य ज्ञान एवं बौद्धिक क्षमता की भी परख की और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री का नाम पूछा। सभी बालिकाओं ने एक स्वर में श्री योगी आदित्यनाथ का नाम बताया।

## बाउंड्रीवाल के निर्माण के दिये निर्देश

वार्डन ने विद्यालय की एक ओर की बाउंड्रीवाल गिरने की जानकारी दी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को बाउंड्रीवाल का निर्माण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों को विद्यालय में छात्राओं को उपलब्ध सुविधाओं, भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और शैक्षणिक व्यवस्थाओं को प्राथमिकता के साथ बनाए रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, वार्डन, अध्यापिकाएं एवं विद्यालय के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भोजन की गुणवत्ता को परखा


विद्यालय की बालिकाओं के साथ बैठकर भोजन करते हुए जिलाधिकारी।

**वार्डन ने जिलाधिकारी को बताया कि छात्राओं को निर्धारित मेन्यू के अनुसार नाश्ते में फल व दूध, दोपहर में दाल, चावल, रोटी, सब्जी, रायता व सलाद, जबकि शाम को चाय, बिस्किट, चने व परमल तथा रात्रि में भोजन दिया जाता है। जिलाधिकारी ने किचन के सामने बरामदे में तैयार हो रहे भोजन का निरीक्षण किया और भोजन को सुरक्षित एवं स्वच्छ स्थान पर रखने के निर्देश दिए। भोजन की गुणवत्ता और स्वाद की जांच के लिए उन्होंने स्वयं छात्राओं के साथ बैठकर भोजन किया। भोजन से पहले उन्होंने बच्चियों के साथ 'थैंक गॉड की प्रेयर' भी की। जिलाधिकारी ने छात्राओं को प्रतिदिन फल खाने, भोजन से पहले हाथ अच्छी तरह धोने तथा मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया।**

# रिक्शा में सवार महिला के बैग से उड़ाये लाखों के जेवर

**बिजनौर (चिंगारी)।** देवर के लग्न-रिश्ता में शामिल होने आ रही सास और फूफा के साथ बिजनौर आ रही महिला के बैग से दो महिलाओं ने कथित तौर पर सोने-चांदी के जेवर चोरी कर लिए।

चांदपुर क्षेत्र के काजी सराय निवासी सुबहाना पत्नी अरशद ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह दो जुलाई को सुबह करीब साढ़े दस बजे अपनी सास और फूफा के साथ मोहल्ला कस्साबान आ रही थी। उसके पास सोने-चांदी के जेवरात थे। वह रेलवे स्टेशन बिजनौर से सलमान नामक व्यक्ति के रिक्शा में सवार होकर मोहल्ला कस्साबान जा रही थी। आरोप है कि रास्ते में रिक्शा चालक ने दो महिलाओं और दो बच्चों को भी रिक्शा में बैठा लिया। कुछ देर बाद जब उसने अपने बैग की तलाशी ली तो उसमें रखे जेवरात गायब मिले। पीड़िता ने रिक्शा चालक को तलाश किया तो वह मिल गया। पूछताछ में रिक्शा चालक सलमान ने बताया कि रिक्शा में बैठी दोनों महिलाओं को उसने जानी के चौराहे पर बिट्टू की दुकान के पास उतारा था। इसके बाद पीड़िता ने मामले की जानकारी पुलिस को दी।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश और घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस रिक्शा चालक से पूछताछ करने के साथ ही दोनों महिलाओं की पहचान कराने का प्रयास कर रही है। शहर कोतवाल अवनीत मान ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# 25 अगस्त को विकास भवन में होगी महिला जनसुनवाई

**बिजनौर (चिंगारी)।** जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग, लखनऊ की सदस्य श्रीमती संगीता जैन की अध्यक्षता में 25 अगस्त 2026, मंगलवार को विकास भवन बिजनौर के सभागार में महिला जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। महिला जनसुनवाई सुबह 11 बजे से शुरू होगी। इसका उद्देश्य महिला उत्पीड़न की रोकथाम, पीड़ित महिलाओं की समस्याओं का त्वरित समाधान तथा उन्हें न्याय दिलाना है। जनसुनवाई के दौरान पीड़ित महिलाएं अपनी समस्याएं एवं शिकायतें आयोग की सदस्य के समक्ष प्रस्तुत कर सकेंगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने सर्वसाधारण से अपील की है कि संबंधित महिलाएं निर्धारित समय पर विकास भवन पहुंचकर जनसुनवाई का लाभ उठाएं।


संगीता जैन

# भाकियू ने अपनी मांगों को लेकर दिया ज्ञापन



**बिजनौर (चिंगारी)।** भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान की अध्यक्षता व जिला मुख्य महासचिव मुकेश जंघाला के संचालन में गन्ना समिति बिजनौर में हुई, जिसमें किसानों की समस्या पर चर्चा हुई। पंचायत के बाद सात सूत्रीय ज्ञापन सदर तहसीलदार को सौंपा। ज्ञापन में गुलदारों से इंसानों की सुरक्षा के ठोस प्रबंध किए जाने, बाढ़ में जल भराव से क्षतिग्रस्त फसलों का उचित मुआवजा दिलाये जाने, बाकरपुर गढ़ी व हमीरपुर के मध्य मालन नदी के किनारे पर बने बांध पर पुलिया का निर्माण कराया जाए, जिससे किसानों की फसल बचाई जा सके, बिलाई शुगर मिल से किसानों का बकाया गन्ना भुगतान शीघ्र दिलाया जाने, बिजनौर में जमीनों के सर्किल रेट 20 प्रतिशत बढ़ाए जाने की चर्चा है जो नाकाफी है, अत: जमीनों के अधिग्रहण से उनके सर्किल रेट बाजार भाव के अनुरूप किए जाने, हल्दौर में चकबंदी की धारा 52 हो चुकी है, अत: वहां के मुकदमों का शीघ्र निपटारा कराया जाने, चंदन नगरी खिड़की मार्ग से अवशेष कच्चे रास्ते पर पक्की सड़क बनाई जाने आदि की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में ठाकुर रामावतार सिंह,बाबूराम तोमर, दिनेश कुमार, कॉमन सिंह, नरदेव सिंह, राजेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, देवदत्त शर्मा, विनीत मौर्य,अरुण कुमार, मुनेंद्र काकरान, देवराज सिंह, नीटू चौधरी, गजेंद्र सिंह, डॉ. विजय सिंह, अमित मान, आशु, विनीत चौधरी, संदीप त्यागी, सूर्या बालियान, विकास कुमार, अंकित, सत्यम तोमर, नितिन राणा, याकूब, पंकज शेरावत, रजनीश अलाहवत आदि मौजूद रहे।

# पहाड़ों में रिवर्स पलायन को बढ़ावा देने पर धामी सरकार का जोर

## रोजगार-स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने, स्थानीय उत्पादों की ब्रांडिंग और बेहतर बाजार उपलब्ध कराने के निर्देश

**एस.पी. अरोड़ा**




**देहरादून (चिंगारी)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री आवास में ग्राम्य विकास एवं पलायन निवारण आयोग की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पर्वतीय क्षेत्रों से पलायन की स्थिति, रिवर्स पलायन को प्रोत्साहित करने, स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने और स्थानीय उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक में ग्राम्य विकास एवं पलायन निवारण आयोग की ओर से विभिन्न जनपदों में आयोजित की जा रही प्रवासी पंचायतों, पलायन निवारण और स्वरोजगार जागरूकता कार्यक्रमों की जानकारी मुख्यमंत्री के समक्ष रखी गई। आयोग के सदस्यों ने पर्वतीय क्षेत्रों में रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने और रिवर्स पलायन को गति देने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

मुख्यमंत्री धामी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि बैठक में प्राप्त सभी सुझावों पर गंभीरता से विचार करते हुए प्रभावी कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में रिवर्स पलायन को बढ़ावा देने के लिए सभी विभाग अपनी योजनाओं और गतिविधियों के माध्यम से समन्वित रूप से कार्य करें। विभागीय योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को स्वरोजगार और आजीविका से जुड़ी योजनाओं की जानकारी सरल और प्रभावी तरीके से गांव स्तर तक उपलब्ध कराई जाए। योजनाओं का लाभ लेने के लिए ग्रामीणों को अनावश्यक रूप से सरकारी कार्यालयों और बैंकों के चक्कर न लगाने पड़ें। इसके लिए प्रक्रियाओं को सरल बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में स्वरोजगार की अपार संभावनाएं हैं। स्थानीय संसाधनों, पारंपरिक ज्ञान और कौशल को रोजगार से जोड़ते हुए युवाओं को अपने गांव में ही आजीविका के अवसर उपलब्ध कराने के लिए ठोस प्रयास किये जाएं।

उन्होंने स्थानीय उत्पादों को व्यापक स्तर पर बढ़ावा देने के साथ उनकी गुणवत्ता, ब्रांडिंग और बाजार उपलब्धता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इससे स्थानीय लोगों की आय बढ़ाने के साथ युवाओं को अपने क्षेत्र में ही रोजगार और स्वरोजगार के अवसर मिल सकेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रिवर्स पलायन केवल रोजगार उपलब्ध कराने से संभव नहीं होगा, बल्कि इसके लिए गांवों में बेहतर सुविधाओं और नई संभावनाओं का विकास भी जरूरी है। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ परिणामोन्मुखी कार्य करने के निर्देश दिये।

# संस्कृत सम्भाषण शिविर का आयोजन



**धामपुर (चिंगारी)।** एसबीडी डिग्री कॉलेज में संस्कृत सप्ताह के अंतर्गत संस्कृत सम्भाषण शिविर एवं प्रशिक्षण कार्यशाला का सत्र शुरू हुआ। प्राचार्या प्रोफेसर पूनम चौहान ने कहा कि संस्कृत हमारी भारतीय संस्कृति एवं ज्ञान-परंपरा की अमूल्य धरोहर है। संस्कृत भाषा का अध्ययन विद्यार्थियों में संस्कार, अनुशासन एवं ज्ञान के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के पहले दिन विद्यार्थियों को संस्कृत के शुद्ध उच्चारण एवं दैनिक जीवन में संस्कृत के प्रयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें हिंदी भाषा के अक्षर जैसे ज्ञ, क्ष, स, श, ष आदि वर्णों का सही उच्चारण कराया गया। उन्होंने सभी छात्राओं से अधिकाधिक संख्या में सहभागिता करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की लगभग 80 छात्राएं उपस्थित रहीं।

# बदबूदार शौचालय के पास है रसोई ध्यान देने वाला नहीं है कोई



**हीमपुर दीपा (चिंगारी)।** सफाई व्यवस्था के अभाव में रतनपुर खुर्द गांव के सामुदायिक शौचालय का बुरा हाल है। उससे उठती दुर्गंध से लोग अब परेशानी महसूस करने लगे हैं। उल्लेखनीय है कि शौचालय के समीप सटा हुआ प्राथमिक विद्यालय का रसोईघर है जिसमें रोज नन्हे मुन्ने स्कूली बच्चों का खाना पकता है तथा मंडी स्थल में खड़े पीपल देवता पर श्रद्धालुओं द्वारा रोज जल अर्पित किया जाता है। इसी कारण जहां लोगों की भावनाएं आहत हो रही हैं, वहीं स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ने की आशंका बलवती होने लगी है। इसके अलावा मोहल्लेवासियों का दुर्गंध से बुरा हाल है। आहत लोगों ने बताया कि सुविधा के लिए बनाया गया शौचालय क्या गुल खिला सकता है, यह तो आने वाला समय ही बता पाएगा, क्योंकि केयरटेकर की मनमानी पर कोई अंकुश नहीं है।

# मुजम्मिल हत्याकांड में दो भाइयों को उम्रक़ैद



**बिजनौर (चिंगारी)।** प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रशांत मित्तल ने करीब सवा नौ साल पुराने मुजम्मिल हत्याकांड में शहजाद और काशिफ को हत्या का दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास तथा 70 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता आमोद त्यागी के अनुसार जलालाबाद के मोहल्ला पासबान निवासी फैय्याज अहमद ने नजीबाबाद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार, उसके भाई मुजम्मिल ने घटना से करीब दो साल पहले मोहल्ले के शहजाद को 21 हजार रुपये उधार दिए थे। रुपये वापस मांगने पर शहजाद टालमटोल करता था और इसी बात को लेकर वह मुजम्मिल से रंजिश रखने लगा था। 27 मई 2017 की रात करीब 11 बजे मुजम्मिल अपने भाई एजाज अहमद के साथ तरावीह की नमाज पढ़कर घर लौट रहा था। रास्ते में पहले से घात लगाए शहजाद और काशिफ ने दोनों भाइयों को रोक लिया। मुजम्मिल के पेट में छुरा लगने से उसकी मौत हो गई, जबकि उसका भाई एजाज अहमद गंभीर रूप से घायल हो गया था। मुकदमे में शहजाद की मां फरीदा और बहन तबस्सुम पर भी आरोप लगाया गया था। हालांकि विवेचना के दौरान पुलिस को दोनों की अपराध में संलिप्तता नहीं मिली और उन्हें क्लीन चिट दे दी गई।


### 217 तारीख, आठ गवाहों ने दी गवाही

पुलिस ने शहजाद और काशिफ के विरुद्ध चार्जशीट न्यायालय में दाखिल की। अभियुक्तों की निशानदेही पर पुलिस ने दो छुरे बरामद किए थे। अभियोजन पक्ष की ओर से मामले में आठ गवाहों को अदालत में पेश किया गया। जबकि मामले में 217 तारीख लगी। गवाहों और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने दोनों अभियुक्तों को हत्या का दोषी माना। अपर जिला जज प्रशांत मित्तल ने शुक्रवार को दोनों दोषियों को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 302 के तहत आजीवन कारावास और 70 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। फैसला सुनाए जाने के बाद दोषियों के परिजन अदालत परिसर में रोते-बिलखते नजर आए।



# माता-पिता व गुरु का अपमान करने वाले की दुर्दशा होती है- रामदास जी

**हल्दौर ( चिंगारी )।** श्री सत्संग मंडल हल्दौर द्वारा नवीन मंडी समिति में चल रही शिव महा पुराण के चौथे दिन शुक्रवार को वृंदावन धाम से पधारे रामकृपा धाम आश्रम के पीठाधीश्वर कथा व्यास श्री रामदास जी महाराज ने कहा कि इस शरीर रूपी वृक्ष में दो पक्षी बैठे हुए हैं, एक जीवात्मा है तो दूसरा परमात्मा, इससे यह बात सिद्ध होती है ईश्वर ही हमारा सच्चा हितैषी है। अपना कल्याण चाहने वाले मनुष्य को संसार के सारे काम ईश्वर की प्रसन्नता के लिए ही करने चाहिए, ईश्वर हमारे सभी कर्मों को देखने वाले हैं उनसे कुछ छिपा नहीं है, जीव अपने जीवन में सुख और दुख का निर्माता स्वयं है। इस जगत में दो मार्ग है सत्य और असत्य, धर्म और अधर्म, सत्य




का जो मार्ग है वह जीवन में भक्ति सुख शांति देने वाला है अधर्म एवं असत्य का जो मार्ग है वह जीव को भयंकर दुखो के दल दल में डाल देता हैं। महाराज श्री ने दक्ष का चरित्र सुनाते हुए कहा कि दक्ष ब्रह्मा जी के पुत्र थे।

बहुत बड़ा पद उन्हें मिला लेकिन अभिमान के चलते महादेव से शत्रुता की और परिणाम यह हुआ कि वह स्वरूप से कुरूप बन गए। बकरे का मुख उनका हो गया। जो अभिमान के कारण धन के मद में या यौवन के मद में या सत्ता के मद में अंधा होकर के अपने माता पिता एवं गुरु जनो का अपमान करता है, ऐसे जीव की दुर्दशा हो जाती है। कथा में सुरेश सिंह, करन सिंह, जितेंद्र शर्मा, विजय सैनी, चंचल वशिष्ठ, रमेश चौहान, पुनीत शर्मा, संजय वशिष्ठ, डॉ नवदीप दुबे, रघुवीर शरण शर्मा, राहुल गुप्ता, प्रमोद चौहान, शिक्षा शर्मा, रेखा यादव, उर्मिला देवी, रेखा देवी, लक्ष्मी देवी, प्रतिभा वशिष्ठ, पुष्पा मारवाड़ी आदि मौजूद रहे।

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ
और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

## बढ़ापुर थाने की दीवार पर बैठा दिखा गुलदार

**बढ़ापुर ( चिंगारी )।** बीती रात एक गुलदार थाना बढ़ापुर की दीवार पर बैठा दिखाई देने से पुलिस कर्मियों में हड़कंप पहुंच गया। आनन-फानन में थाना बढ़ापुर पुलिस द्वारा वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी गई।



सूचना मिलते ही विजयसिंहपुर रेंज से वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची तथा थाना से गुलदार को भगाने के लिए शोर मचाया तब जाकर गुलदार थाने से बाहर भागता हुआ दिखाई दिया। बताया जाता है कि रात करीब 10 बजे थाना में तैनात दरोगा सिनोद कुमार को कमरे के बाहर गुलदार बैठा हुआ दिखाई दिया था। थाना में गुलदार की मौजूदगी को देखकर समस्त पुलिसकर्मियों को व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से सचेत रहने के लिए मैसेज दिया गया।गौरतलब है कि बीते कई माह से गुलदार थाना के आसपास सक्रिय दिखाई दे रहा है।बढ़ापुर रेंज के रेंजर रमेश यादव ने बताया कि बहुत जल्दी गुलदार को पकड़ने के लिए थाना के समीप पिंजरा लगाया जाएगा।

## बछिया को उठा ले गया गुलदार

**चांदपुर ( चिंगारी )।** ग्राम बसंतपुर में गुलदार ने एक ग्रामीण की बछिया को अपना निवाला बना लिया। इस घटना से ग्रामीणों में भय व्याप्त है। ग्राम बसंतपुर निवासी लोमन्त सिंह का मकान गांव के बाहरी इलाके में क्रेशर वाले रास्ते पर है। मकान के नजदीक ही जंगल है। आज सुबह जब लोमन्त सिंह सोकर उठे तो उनकी बछिया गायब थी, तलाश करने पर बछिया मकान के पीछे जंगल में मरी पड़ी हुई मिली। गुलदार बछिया को उठा कर खेत में ले गया होगा तथा उसने बछिया को निवाला बना लिया।

## पशुशाला में आग लगने से चार गायों की मौत

**अफ़जलगढ़ ( चिंगारी )।** अज्ञात कारणों से पशुशाला में आग लगने से उसमें बंधी चार गायों की झुलसकर मौत हो गई। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। ग्राम केहरीपुर जंगल ( अमानगढ़ ) निवासी जयपाल सिंह पुत्र नारायण सिंह की पशुशाला में अचानक आग लग गई। मृत चारों पशु गाय थीं। इनमें एक गाय दूध दे रही थी जबकि दूसरी करीब 10 दिन में ब्याहने वाली थी। चारों पशुओं की मौत से उसे लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। जयपाल सिंह ने बताया कि पशुशाला के आसपास कोई विद्युत लाइन भी नहीं है। ऐसे में पशुशाला के छप्पर में आग किस कारण लगी, यह स्पष्ट नहीं हो सका है। पीड़ित ने प्रशासन से आर्थिक सहायता दिलाए जाने की मांग की है।

## संत रविदास की 650वीं जयंती के कार्यक्रम में शामिल हुए भाजपाई

**चांदपुर ( चिंगारी )।** संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज जी के 650वें जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में चांदपुर विधानसभा के नगर मंडल अंतर्गत संत शिरोमणि श्री रविदास मंदिर दरवाड़ा, सरायरफी, मुफ्तीसराय एवं सिसौना में आयोजित कार्यक्रमों में भारतीय जनता पार्टी के



पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर पूर्व विधायक कमलेश सैनी, श्रीमती शक्ति भारद्वाज मित्तल, जिला महामंत्री शोभित त्यागी, जिला महामंत्री सुधींद्र चौधरी, जिला उपाध्यक्ष रवि चौधरी, नगर अध्यक्ष मोहित अग्रवाल, डा. शिबली खान, पूर्व नगर अध्यक्ष पुखराज सैनी, सुरेंद्र खन्ना, डा. सुनील गौतम,राहुल खन्ना, धीरेन्द्र प्रधान, विक्की जोशी, प्रशांत जोशी, राजीव शर्मा, अनिरुद्ध मित्तल, आशु गोयल, जितेंद्र शर्मा, सोहन जोशी सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## नबी के तरीके के मुताबिक ज़िंदगी गुजारें- मुफ़्ती इफ़्तिख़ार

**हल्दौर ( चिंगारी )।** मगरिब की नमाज़ के बाद जामा मस्जिद हल्दौर मे सीरतुन् नबी के उनवान पर जमीयत ए उलमा शाखा हल्दौर के तहत एक प्रोग्राम हुआ। प्रोग्राम का आगाज़ इमाम जामा मस्जिद व शहर क़ाज़ी हल्दौर मुफ़्ती मु.अब्दुल्लाह जामिई क़ासमी की निज़ामत और कुरान ए करीम की तिलावत से हुआ। नात ए पाक हाफिज मु.अफ़्फान निवासी बिलाई ने पढ़ी।

मेहमान ए खुसुसी के तौर पर धामपुर से तशरीफ लाये मुफ्ती इफ़्तिखार साहब क़ासमी ज़ाहिरी का बयान हुआ। उन्होंने लोगो को नबी सल्ललाहु अलाईही वसल्लम के तरीके के मुताबिक ज़िन्दगी गुज़ारने मोहब्बत और एक-दूसरे के साथ हमदर्द बन कर रहने को कहा और बताया के अल्लाह का ये सब से बड़ा एहसान है के उसने हमको ऐसे नबी अता किये कि उनके तरज़ पर ज़िन्दगी गुज़ारे



तो हमको हर मैदान मे कामयाबी मिल सकती है। दुआ के साथ प्रोग्राम खत्म हुआ। इलाके के काफी उलमा/अवाम शरीक रहे। जिनमें मुफ्ती मेहर आलम साहब क़ासमी सदर जमीयत उलमा हल्दौर, मौलाना अहमद क़ासमी नायब सदर जमीयत उलमा हल्दौर, मौलाना फ़ुरक़ान साहब क़ासमी नाज़िम जमीयत उलमा हल्दौर, मुफ़्ती मक़सूद साहब क़ासमी नायब नाज़िम जमीयत उलमा हल्दौर, मौलाना शुऐब साहब नदवी खाज़िन जमीयत उलमा हल्दौर, मौलाना इरशाद साहब क़ासमी इमाम मोती मस्जिद हल्दौर, क़ारी अन्सारूल साहब मोहतमिम मदरसा दारूल कुरान वस सुन्नाह क़ासमपुर गढ़ी, हाजी फैजुल हसन सिद्दीक़ी धामपुर, मौलाना दिलशाद साहब कासमी, मौलाना फिरोज साहब क़ासमी, डा. नफीस साहब गाज़ी, हाजी नफीस अहमद साहब ,हाजी आसिफ इक़बाल सिद्दीक़ी, मो. फ़ुरकान फरीदी, हाजी अहसान सिद्दीक़ी, हाजी बिलाल सिद्दीक़ी, परवेज़ सिद्दीक़ी आदि रहे।

# गड्ढों में तब्दील हुईं बिजनौर की सड़कें


## क्या किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा जिला प्रशासन?

**बिजनौर (चिंगारी)।** ऐसा लगता है जिला प्रशासन, संबंधित विभाग और जनप्रतिनिधियों को आम जनता के सरोकारों से कोई सरोकार नहीं है। जिला मुख्यालय और उसके आसपास सड़कों की हालत बेहद खस्ता है, कई जगह सड़कें गड्ढों में तब्दील हो गई हैं, हर समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है, कई दुर्घटनाएं हो भी चुकी हैं, फिर भी जिम्मेदारों के कान पर जूं नहीं रेंग रही।



बिजनौर शहर और आसपास की प्रमुख सड़कों पर बने गहरे गड्ढे राहगीरों और वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। शक्ति चौक से थाने के पास तक सड़क पर जगह-जगह बड़े गड्ढे हो गए हैं। वहीं नगीना रोड स्थित रशीदपुर गढ़ी के पास सड़क की हालत बेहद खराब है। सेंट मैरी चौराहे से आदमपुर की ओर जाने वाले मार्ग पर भी गहरे गड्ढों के कारण आवागमन प्रभावित हो रहा है। हालत यह है कि शहर की लाइफलाइन कही जाने वाली सिविल लाइन की रोड भी कई जगह बैठ गई है। शहर की अन्य सड़कों की हालत भी बेहद खराब है।

बारिश के बाद इन गड्ढों में पानी भर जाने से उनकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता। इससे दोपहिया वाहन चालकों के गिरने और दुर्घटना होने का खतरा बढ़ गया है। इन मार्गों से प्रतिदिन स्कूली बच्चों के साथ-साथ भारी वाहनों का भी आवागमन होता है।


जितेंद्र नरुला


अभिषेक गुप्ता


लक्की नरूला


अजय कुमार


कपिल कुमार

गांधी मार्केट शुगर मिल कॉलोनी निवासी जितेंद्र नरूला ने बताया कि सड़क के गड्ढों में अक्सर बैटरी रिक्शा और अन्य वाहन पलट जाते हैं, जिससे कई लोग घायल हो चुके हैं। अभिषेक गुप्ता उर्फ बबलू ने बताया कि बड़े-बड़े गड्ढों के कारण पैदल चलना और वाहनों से निकलना तक मुश्किल हो गया है। रशीदपुर गढ़ी के पास कई बार ट्रैक्टर-ट्रॉलियां भी पलट चुकी हैं।

लक्की नरूला ने कहा कि गड्ढों के कारण स्कूली बच्चों का आवागमन भी जोखिम भरा हो गया है। मालतीनगर निवासी अजय कुमार ने कहा कि बिजनौर शहर की कई सड़कें गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं, लेकिन संबंधित विभाग का इस ओर पर्याप्त ध्यान नहीं है। उनका कहना है कि अधिकारी प्रतिदिन नगीना रोड से गुजरते हैं, इसके बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो रहा है।

स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग से सड़कों के गड्ढों को तत्काल भरवाने और क्षतिग्रस्त हिस्सों की मरम्मत कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सड़कों की स्थिति नहीं सुधारी गई तो किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है।

कपिल कुमार निवासी रशीदपुर गढ़ी का कहना है कि सड़क पर हर समय पानी भरा रहने से यहां से निकलना दूबर हो जाता है। कई बार ऑफिस जाते समय यदि कोई सवारी पास से निकल जाती है तब सारे कपड़ों पर कीचड़ हो जाती है जिससे काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। और बारिश नहीं होने पर यहां पर काफी धूल मिट्टी उड़ती है।

## नजीबाबाद में मूसलाधार बारिश से कई स्थानों पर जलभराव

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** नगर में आज सुबह अचानक मूसलाधार बारिश से कई स्थानों पर जलभराव हो गया। जलभराव से लोगों के घरों के अंदर तक पानी पहुंचने से काफी नुकसान हुआ। साथ ही मार्ग काफी समय तक बाधित रहा। पिछले कई दिनों से रिमझिम बारिश के बाद आज शनिवार को सुबह अचानक आसमान में काले बादल छाने के बाद काफी देर तक मूसलाधार बारिश पड़ी।



मूसलाधार बारिश से नगर के अजमल खां मार्ग व मौहल्ला मुगलूशाह की गलियों व मुख्य मार्गों पर जलभराव हो गया। बारिश का पानी काफी लोगों के घरों व दुकानों के अंदर तक घुसने से उनका काफी नुकसान हुआ। जलभराव के कारण मुगलूशाह के काफी रास्ते बाधित हो गये। गलियों में कई फिट तक पानी भरने से लोगों को घंटों अपने घरों में कैद रहना पड़ा। बारिश से बाजारों में कीचड़ फैल गया। बारिश के बाद नगर के बाजार सूने हो गये। बारिश से मौहल्ला मकबरा, रम्पुरा, हवेलीतला, जाब्तागंज, पठानपुरा, कछियाना आदि में भी कई स्थानों पर जलभराव हो गया। बारिश के बाद मौसम सुहाना हो गया तथा लोगों के गर्मी से काफी हद तक राहत मिली।

## विश्व उद्यमिता दिवस पर एनजीआईसी में भव्य कार्यक्रम का आयोजन




**नजीबाबाद (चिंगारी)।** विश्व उद्यमिता दिवस के अवसर पर नॉर्थ इंडिया ग्रुप ऑफ कॉलेज (एनजीआईसी) में उद्यमिता एवं नवाचार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने, नए विचारों को व्यवसाय में परिवर्तित करने तथा आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में प्रतिष्ठित अतिथियों एवं विशेषज्ञ वक्ताओं ने सहभागिता की। इस अवसर पर प्रशांत महर्षि, सुधीर अग्रवाल (ईवीपी), राजीव अग्रवाल, डॉ. अभय मित्तल, सीए वासु जैन, अजय वात्स एवं बलराज वीर (एसीआई), कौशल शर्मा का एनआईजीसी परिवार की ओर से प्रबंध निदेशक इंजी अवनीश अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक अभिनव अग्रवाल, संस्था के कुलसचिव गौरव वर्मा तथा प्राचार्या डॉ. शिवानी चैहान, डॉ. नीलावती ने सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेट कर हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. जसवन्त सिंह द्वारा किया गया। मुख्य अतिथियों एवं वक्ताओं ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में केवल नौकरी प्राप्त करना ही सफलता का एकमात्र मार्ग नहीं है, बल्कि युवा अपने कौशल, रचनात्मक सोच व नवाचार के माध्यम से स्वयं के उद्यम स्थापित कर रोजगार देने वाले भी बन सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को जोखिम लेने, नए अवसरों की पहचान करने व अपने विचारों को व्यावहारिक रूप देने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा उद्यमिता, स्टार्टअप, नवाचार एवं स्वरोजगार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में एनजीआईसी के प्रबंधन, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। एनजीआईसी की ओर से प्राचार्या डॉ. शिवानी चौहान ने कार्यक्रम में सहभागिता कर रहे सभी अतिथियों एवं कॉलेज स्टाफ का आभार व्यक्त करते हुए कहा की ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन विद्यार्थियों में उद्यमशीलता, नेतृत्व क्षमता, नवाचार एवं आत्मनिर्भरता की भावना विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## राज्य स्तर के लिए चयनित इंशिका पंडित को सम्मानित किया

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** नगर के मूर्ति देवी कन्या इंटर कॉलेज की छात्रा ने हिंदू मॉडल कॉलेज मुरादाबाद में आयोजित मंडल स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी में बिजनौर से प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा कु. इंशिका पंडित का चयन राज्य स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी के लिए हुआ है। कुमारी इंशिका पंडित 11 सितंबर को राज्य विज्ञान शिक्षण संस्थान प्रयागराज में होने वाली राज्य स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी में प्रतिभाग करेगी। इसके लिए मूर्ति देवी कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या श्रीमती शबनम नसरीन ने छात्रा को सम्मानित करने के साथ उसकी गाइड टीचर शाफिया परवीन को बहुत बधाई दी है। इस मौके पर विज्ञान समन्वयक सुधांशु वत्स मौजूद रहे।

## हिंदू युवक ने किया रक्तदान, मुस्लिम बुजुर्ग की बचाई जान

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** रक्तदान महादान टीम नजीबाबाद के सदस्य राहुल ने एक 65 वर्षीय मुस्लिम बुजुर्ग को खून देकर उनकी जान बचाने का काम किया है। इस अच्छे कार्य के लिए टीम ने राहुल को प्रतीक चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। बुजुर्ग मौहम्मद अबरार को बीमार होने के बाद ब्लड की जरूरत पड़ी। ब्लड की जरूरत होने की ग्रुप द्वारा सूचना मिलते ही रक्तदान महादान टीम के सदस्य



रक्तवीर राहुल कुमार ने रात में 11 बजे ही संजीवनी चैरिटेबिल ब्लड सेंटर आफिस मेट्रो हॉस्पिटल पहुंचकर अपना ब्लड देकर बुजुर्ग की जान बचाई। रक्तदान महादान टीम के अध्यक्ष हाजी फहीम अख्तर व उनकी टीम के सदस्यों ने राहुल के इस इंसानियत के कार्य को सलाम करते हुए उन्हें प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। हाजी फहीम अख्तर ने कहा कि रक्तदान महादान टीम के सदस्य जब किसी को ब्लड की जरूरत पड़ती है तो समय, दिन, रात कुछ नहीं देखता बस इंसानियत देखता है।

# गोगा जाहरवीर की जन्मस्थली मानकर शुजात खान के मकबरे पर प्रसाद चढ़ाते हैं श्रद्धालु

-शशिभूषण शर्मा

**गंज (चिंगारी)।** पौराणिक मेला छड़ी जाहर दीवान का मुख्य प्रसाद गंज में गोगा जाहरवीर मंदिर पर चढ़ाया जाता है, किंतु कुछ गलत भ्रांतियों के कारण हजारों श्रद्धालु गंज के समीप जहानाबाद में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग द्वारा संरक्षित शुजात खान के मकबरे (नौलखा बाग) को गोगा जाहरवीर की







जन्मस्थली मानकर प्रसाद चढ़ाते हैं।

प्रसिद्ध पुस्तक 'गुरु गोरख गाथा' के अनुसार नौलखा बाग राजस्थान राज्य के चूरू जिले की राजगढ़ (सादुलपुर) तहसील के अंतर्गत गोगा जाहर जी की जन्म स्थली है। इसे गुरु गोरखनाथ की तपोभूमि और गौ रक्षक टीला के नाम से भी जाना जाता है। किंतु कुछ लोगों ने गुरु गोरख जाहरवीर के भक्तों को भ्रमित कर जहानाबाद में बनी शुजात खान की मजार को ही गोगा जाहर दीवान की तपस्थली कहकर प्रसाद चढ़वाना शुरू कर दिया। इससे एक ओर जहां जाहर वीर के भक्तों की आस्था के साथ खिलवाड़ हुआ, वहीं जहानाबाद के लोगों में आक्रोश है। ज्ञात हो कि शुजात खान का मकबरा भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग द्वारा संरक्षित ऐतिहासिक स्थल है जिसके लिए एक स्थानीय व्यक्ति यशवीर सिंह को केयरटेकर के रूप में रखा भी गया है।





**गंज में प्राचीन जाहरदीवान मंदिर के महंत श्रवण कुमार उपाध्याय का कहना है कि असलीयत में प्रसाद गंज में ही चढ़ता है। जहानाबाद में कुछ लोगों ने भ्रांति के रूप में प्रसाद चढ़ाना शुरू कर दिया, जो गलत है।**

# बिजनौर में पैर पसारता 'जिद्दी' वायरल बुखार

## क्या यह इन्फ्लूएंजा का नया वेरियंट है?

**बिजनौर (चिंगारी)।** हाल के दिनों में बिजनौर जिले और इसके आसपास के क्षेत्रों में वायरल बुखार के मामलों में अचानक भारी वृद्धि दर्ज की गई है। इस बार का बुखार सामान्य मौसमी फ्लू से काफी अलग और अधिक गंभीर है। लक्षणों और संक्रमण की गति को देखते हुए यह माना जा रहा है कि यह संभवतः इन्फ्लूएंजा (Influenza A / H3N2 या H1N1) का ही कोई नया म्यूटेंट या वेरियंट है, जो बहुत तेजी से फैल रहा है।

### मरीजों में मुख्य रूप से निम्नलिखित लक्षण देखे जा रहे हैं

अचानक तेज बुखार : ठंड लगने के साथ 101°F से 103°F तक बुखार। गंभीर सूखी खांसी और गले में खराश- खांसी इतनी जिद्दी है कि बुखार उतरने के कई दिनों बाद तक बनी रहती है। शरीर और जोड़ों में अत्यधिक दर्द, तीव्र बदन दर्द, सिरदर्द और असहनीय कमजोरी। गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल लक्षण- मौसम में नमी और उमस के कारण कई मरीजों (विशेषकर बच्चों) में उल्टी, दस्त और डिहाइड्रेशन की शिकायत भी सामने आ रही है। सांस लेने में तकलीफ, बुजुर्गों और अस्थमा रोगियों में छाती में जकड़न महसूस हो रही है।

### यह संक्रमण इतना तेजी से क्यों फैल रहा है?

इन्फ्लूएंजा वेरियंट का ड्रॉपलेट स्प्रेड- जब कोई संक्रमित व्यक्ति खांसता या छींकता है, तो वायरस के कण हवा में तैरने लगते हैं। घर में एक व्यक्ति के बीमार पड़ने पर पूरा परिवार इसकी चपेट में आ रहा है।

मौसम का उतार-चढ़ाव और उमस,



अत्यधिक गर्मी, उमस और तापमान में अचानक बदलाव से शरीर की इम्युनिटी (रोग प्रतिरोधक क्षमता) प्रभावित हो रही है, जिससे वायरस को पनपने का अनुकूल माहौल मिल रहा है। लापरवाही और भीड़-भाड़, सार्वजनिक स्थानों पर मास्क न पहनना और हाथ न धोना संक्रमण की श्रृंखला को बढ़ा रहा है।

### क्या करें और क्या न करें

1. खुद से दवा (Self-Medication) बिल्कुल न लें, अक्सर मरीज मेडिकल स्टोर से सीधे जाकर एंटीबायोटिक्स (Antibiotics) खरीदकर खाने लगते हैं। यह एक गंभीर भूल है। वायरल इन्फेक्शन पर एंटीबायोटिक्स असर नहीं करती हैं, बल्कि इनका ओवरयूज आपकी सेहत और लिवर/किडनी को नुकसान पहुंचा सकता है। दवा केवल रजिस्टर्ड डॉक्टर की सलाह पर ही लें।

**2. 'मास्क और स्वच्छता' को पुनः अपनाएं**

यदि आपको खांसी, छींक या बुखार है, तो घर से बाहर निकलते समय मास्क का प्रयोग करें ताकि आपके माध्यम से दूसरों में संक्रमण न फैले। अपने हाथों को समय-समय पर साबुन और पानी से कम से कम 20 सेकेंड तक धोएं।

**3. शरीर को हाइड्रेटेड रखें**

बुखार और उमस के कारण शरीर में पानी की कमी (Dehydration) तेजी से होती है। पर्याप्त मात्रा में गुनगुना पानी, ओआरएस (ORS) का घोल, नारियल पानी और ताजा सूप पीते रहें।

**4. बासी खाने और ठंडी चीजों से बचें**

ठंडे पेय पदार्थ, आइसक्रीम और बासी भोजन से पूरी तरह परहेज करें। ताजा, हल्का और सुपाच्य घर का बना खाना ही खाएं।


**5. पर्याप्त आराम और आइसोलेशन**

शरीर को ठीक होने के लिए आराम की सख्त जरूरत होती है। बुखार होने पर कम से कम 3-4 दिन काम से ब्रेक लें और घर पर आराम करें ताकि अन्य लोग भी सुरक्षित रहें।

**डॉक्टर से तुरंत कब संपर्क करें? (Warning Signs)**

यदि आपको या आपके परिवार में किसी को निम्नलिखित में से कोई लक्षण दिखाई दे, तो बिना देर किए नजदीकी अस्पताल या विशेषज्ञ डॉक्टर से परामर्श लें- बुखार अगर अधिक समय तक 102°F से ऊपर बना रहे। सांस लेने में कठिनाई या छाती में दर्द हो रहा हो। होंठ या नाखून नीले पड़ने लगें। अत्यधिक सुस्ती, उल्टी के कारण पानी न रुकना या चक्कर आना।

**निष्कर्ष :** बिजनौर में फैल रहा यह वायरल बुखार संक्रामक जरूर है, लेकिन घबराने की नहीं, बल्कि सतर्कता और सही देखभाल की जरूरत है। शुरुआती दौर में ही सही चिकित्सीय सलाह लेने और एहतियात बरतने से इस वेरियंट के खतरे को आसानी से मात दी जा सकती है।

खुल गया! खुल गया!

श्री लाइट



सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।



पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर

बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट

Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans




सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर

मो. 9897024836, 8800092476





# मेहनत करने वाला व्यक्ति कभी बूढ़ा नहीं होता

नितिन दिनेश कौशिक

## 90 + प्लस

## 91 साल के लीला सिंह बने मिसाल

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में जहां कम उम्र के लोग तनाव, अनियमित दिनचर्या और शारीरिक निष्क्रियता के कारण अनेक बीमारियों से जूझ रहे हैं। वहीं क्षेत्र के ग्राम हरेवला उर्फ भगौता निवासी 91 वर्षीय किसान लीला सिंह अपनी कर्मठता, सादगी और अनुशासित जीवनशैली से नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा बने हुए हैं। उम्र के इस पड़ाव पर भी उनके कदम नहीं रुके हैं। वे आज भी प्रतिदिन खेतों में जाकर खेती-बाड़ी का कार्य करते हैं और खेती को ही अपने जीवन का सबसे बड़ा सम्मान मानते हैं।

लीला सिंह का कहना है कि मेहनत करने वाला व्यक्ति कभी बूढ़ा नहीं होता। नियमित दिनचर्या, खेतों में निरंतर श्रम, सात्विक विचार और ईश्वर के प्रति अटूट आस्था ने उन्हें आज भी सक्रिय बनाए रखा है। ग्रामवासी भी उनकी कार्यशैली, अनुशासन और सादगी की सराहना करते हैं। 91 वर्ष की आयु में भी वे अपने अधिकांश कार्य स्वयं करते हैं और किसी के सहारे पर निर्भर नहीं रहते।

### संघर्षों के बीच बीता बचपन, मेहनत से बदली किस्मत

लीला सिंह पुत्र स्वर्गीय सरजीत सिंह का जन्म वर्ष 1935 में एक गरीब किसान परिवार में हुआ था। बचपन में ही उनके सिर से मां का साया उठ गया। इसके बाद उनके पिता और तीन भाई-बहनों ने उनका पालन-पोषण किया। उस समय शिक्षा के संसाधनों का अभाव था फिर भी उन्होंने कक्षा पांच तक पढ़ाई की। आर्थिक तंगी के कारण आगे की शिक्षा संभव नहीं हो सकी। इसके बाद उन्होंने खेती को अपना जीवन बना लिया और कठिन परिश्रम के बल पर परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत किया।

### धर्मपत्नी भी हैं अनुशासित जीवन की मिसाल

**उनकी धर्मपत्नी 90 वर्षीय राजो देवी गृहिणी हैं। उन्होंने पूरे जीवन परिवार की जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन किया और आज भी धार्मिक एवं पारिवारिक परंपराओं का पूरी श्रद्धा से पालन करती हैं। दोनों का सादा, संतुलित और अनुशासित जीवन ग्रामवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। वे वर्षों से राधा स्वामी सत्संग से जुड़े हैं तथा नियमित रूप से पूजा-पाठ, हवन और धार्मिक आयोजनों में भाग लेते हैं। उनका विश्वास है कि आध्यात्मिकता मन को शांति और जीवन को संतुलन प्रदान करती है।**

### दूध, घी और गुड़ ने बनाया मजबूत शरीर

लीला सिंह बताते हैं कि उनके पिता के पास एक समय लगभग एक दर्जन गायें थीं। घर में दूध से मावा बनाया जाता था और उसी मावे से पेड़े तैयार कर दुकान पर बेचे जाते थे। बचपन में उन्हें भरपूर दूध, मावा और देसी घी मिला। मुस्कुराते हुए वे कहते हैं कि हमने तो पानी की तरह घी/दूध पिया है। उनका मानना है कि प्राकृतिक और शुद्ध खान-पान ने ही उन्हें लंबा और स्वस्थ जीवन दिया।



91 वर्षीय किसान लीला सिंह अपनी धर्मपत्नी 90 वर्षीय राजो देवी के साथ।

### गुड़ की चाय पीते हैं

91 वर्ष की आयु में भी लीला सिंह अपने भोजन को लेकर बेहद अनुशासित हैं। वे आज भी पारंपरिक देसी भोजन करते हैं। चीनी वाली चाय नहीं पीते बल्कि गुड़ की चाय पीते हैं और मिठास के लिए शक्कर का प्रयोग करते हैं। वे दिन में केवल दो बार सुबह और शाम भोजन करते हैं। उनका कहना है कि सादा भोजन, नियमित दिनचर्या और निरंतर मेहनत ही अच्छे स्वास्थ्य का सबसे बड़ा रहस्य है।

### हुक्के का शौक, लेकिन अनुशासन सबसे ऊपर

**लीला सिंह को हुक्का पीने का शौक है जो वर्षों पुरानी उनकी दिनचर्या का हिस्सा रहा है। हालांकि उनका मानना है कि अच्छे स्वास्थ्य का आधार किसी एक आदत में नहीं बल्कि पूरे जीवन के अनुशासन, कठिन परिश्रम, संतुलित खान-पान और सकारात्मक सोच में छिपा है। वे हमेशा संयमित जीवनशैली को सर्वोपरि मानते हैं। उनका मानना है कि मेहनत ही उनकी लंबी उम्र का राज है।**

# मेरा नाम करेगा रोशन..



यजदान फारुकी



रिदान फारुकी



रेयांश चौधरी



अभिजीत सिंह

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। हर माता-पिता का सपना होता है कि उनका बच्चा बड़ा होकर एक अच्छा इंसान बने और समाज व देश का नाम रोशन करे। बच्चे भी अपने सपनों को पूरा करने के लिए मेहनत करते हैं और माता-पिता उनके हर कदम पर साथ खड़े रहते हैं। बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ समाज की गतिविधियों की जानकारी भी देते है। मीरमपुर बेगा निवासी मेजर दानिश फारूकी भारतीय सेना में असिस्टेंट जज एडवोकेट जनरल के पद पर कार्यरत हैं। इनके दो बेटे हैं- यज़दान फारूकी और रिदान फारूकी दोनों आर्मी पब्लिक स्कूल जम्मू में कक्षा केजी के छात्र हैं। इनकी माता रेशमा फारूकी और पिता मेजर दानिश फारूकी का कहना है कि इनके दोनों बेटों का सपना है कि बड़े होकर आईएएस या सेना में अधिकारी बनें और देश की सेवा करें। दोनों बेटों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और देशभक्ति की भावना के साथ आगे बढ़ाकर उनके सपनों को साकार करने में सहयोग करेंगे।

मंडावली निवासी रेयांश चौधरी होली फैमिली कॉन्वेंट स्कूल साहनपुर के कक्षा 3 में पढ़ता है। इनका सपना है कि अपने दादा जी की तरह एक अच्छा डॉक्टर बने। रेयांश के अंकल और आंटी भी डॉक्टर है। इनकी माता ज्योति तोमर और पिता अनुज चौधरी का कहना है कि अपने बेटे को एक कुशल डाक्टर बनाने का प्रयास करेंगे।

नियामतपुर निवासी अभिजीत सिंह सेंट मैरिस इंटर कॉलेज मंडावली में कक्षा 8 का छात्र है। इनका सपना है कि बड़े होकर पुलिस विभाग में भर्ती होकर देश की सेवा करे। इनके पिता रावेंद्र सिंह का कहना है कि अपने बेटे के सपने को पूरा करने का प्रयास करेंगे। अपने बेटे को अभी से थोड़ी - थोड़ी कॉम्पीटीशन की जानकारी देते रहते है।

**प्रस्तुति - मोहित कर्णवाल,** संवादाता मंडावली

# बरामदे में सो रहे बच्चे को उठा ले गया गुलदार, खेत में मिला शव

## वन विभाग ने संदिग्धता जताई

नहटौर ( चिंगारी )। ग्राम मुस्सेपुर में एक ढाई वर्षीय बालक को गुलदार के द्वारा हमले में मौत होने का मामला सामना आया है। वहीं वन विभाग ने मामले में संदिग्धता जताई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्राम मुस्सेपुर निवासी राजवीर का कहना है कि उनका का 2 वर्षीय पुत्र मोहित रात्रि को घर के बरामदे में सोया हुआ था। रात्रि में किसी समय गुलदार उसे उठाकर ले गया प्रात जब तलाश की गई तो मोहित का शव घर से कुछ दूरी पर सड़क किनारे खेत मिला। सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस और वन विभाग की टीम भी पहुंच गई। वही, ग्रामीणों द्वारा बच्चों की मौत को लेकर अलग-अलग चर्चाएं की जा रही है। वन विभाग ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या गुलदार के द्वारा बच्चों को मारना प्रतीत नहीं हो रहा है। हो सकता है कोई अन्य हिंसक जानवर अथवा कुत्ता, बिल्ली द्वारा बच्चों को नुकसान पहुंचाया गया हो। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सही जानकारी पता चल सकेगी। थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है परिजनों के अनुसार गुलदार के हमले में ही बच्चे की मौत हुई है।

### इकलौता पुत्र था मोहित

मृतक मोहित अपने माता-पिता का एकलौता पुत्र था। मोहित के अलावा उसकी दो बड़ी बहनें एक 6 वर्षीय और दूसरी 11 वर्षीय है। वहीं कई ग्रामीणों ने गुलदार के पंजे देखे जाने का दावा किया है।



## राशिफल

### विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**रविवार, 23 अगस्त 2026**

मेष- भाग्योन्नति का मार्ग प्रशस्त, व्यावसायिक वातावरण मनोनुकूल, नवसमाचार की प्राप्ति, दाम्पत्य जीवन से मधुरता, सुख के जरूरी साधन सुलभ, यात्रा सकुशल।

वृषभ- पारिवारिक सम्बन्धों में वैमनस्यता, आपसी तनाव, अकल्पित घटनाएँ घटित, पारिवारिक अनावश्यक खर्च, भौतिक सुख में न्यूनता, एकाग्रता का अभाव।

मिथुन- स्वास्थ्य में क्रमिक सुधार, किसी के माध्यम से धन सम्पत्ति विषयक मसला हल, उपहार या सम्मान का लाभ, सुसंदेश की प्राप्ति, वैवाहिक अड़चनें समाप्त।

कर्क- दिन बेहतर, आपसी सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, किसी के माध्यम से महत्वपूर्ण उपलब्धि, वैमनस्यता का समापन, परिवार में सुख शांति का वातावरण।

सिंह- आर्थिक समस्या का निवारण, नवयोजना का श्रीगणेश, दूर या समीप की यात्रा का प्रसंग, उपहार या सम्मान का लाभ, मान-सम्मान में वृद्धि, नवसम्पर्क उपयोगी।

कन्या- दिनचर्या अव्यवस्थित, मित्रों से गलतफहमी, बात-बात पर क्रोध, विरोधियों का वर्चस्व, किसी से विश्वासघात की आशंका, आरोप-प्रत्यारोप की स्थिति।

तुला- विचारित कार्यों में प्रगति का सिलसिला, पारिवारिक समस्याओं का समाधान, अध्यावसाय की ओर रुचि, विवाद का निर्णय पक्ष में, सद्विचारों का उदय।

वृश्चिक-ग्रहस्थिति अनुकूल, स्वविवेक से लिया गया निर्णय लाभप्रद, स्थान परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, धन सम्पत्ति विषयक मसला सुलझने की ओर, यात्रा सकुशल।

धनु- अधूरे कार्यों की पूर्ति, आत्मीयजनों से विचार-विमर्श, आय के स्रोत उपस्थित, अधिकारी वर्ग से अनुकूलता, आहार-विहार में नवीनता, आकस्मिक यात्रा सफल।

मकर- इच्छित योजना अधूरी, आर्थिक पक्ष से असंतोष, प्रेम सम्बन्धों में प्रतिकूलता की स्थिति, राजकीय पक्ष से कष्ट, किसी से विश्वासघात की आशंका, दुर्घटना भी।

कुम्भ- भाग्योन्नति हेतु नवीन आयाम, किसी कार्यों में महत्वपूर्ण सफलता, धार्मिक क्रिया कलापों में वृद्धि, मनोविनोद के अवसर प्राप्त, राजनीतिक गतिविधियों में रुचि।

मीन- बुद्धि-चातुर्य से लिया गया निर्णय लाभप्रद, सुसमाचार की प्राप्ति, पारिवारिक वातावरण हर्षोल्लासमय, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, दूसरों की सलाह से कामयाब।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# पुरानी पेंशन की दरकार, शिक्षकों-कर्मचारियों ने भरी हुंकार

## ज़िला मुख्यालय पर निकाली विशाल पेंशन तिरंगा यात्रा



बिजनौर (चिंगारी)। अटेवा पेंशन बचाओ मंच उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय आह्वान पर टीईटी अनिवार्यता एनपीएस एवं निजीकरण के विरोध में पेंशन तिरंगा यात्रा इंदिरा बाल भवन से जिला अधिकारी कार्यालय तक निकाली गई। जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन देने के बाद तिरंगा यात्रा का समापन हुआ। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिम ज़ोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि वर्ष 2010 से पूर्व बेसिक शिक्षा परिषद में नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता का काला कानून सरकार द्वारा थोपने का निंदनीय कृत्य किया। पुरानी पेंशन व्यवस्था के स्थान पर नई पेंशन व्यवस्था लागू करना केवल पूंजीपतियों को बढ़ावा देना है। पुरानी पेंशन में देश के शिक्षकों एवं कर्मचारियों का भविष्य सुरक्षित है। जब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं होगी तब तक संघर्ष जारी रहेगा। मंडल अध्यक्ष रजनीश कुमार एवं जिलाध्यक्ष उमेश कुमार राजपूत व महिला विंग की जिलाध्यक्ष वसीम बानो ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पुरानी पेंशन हमारा हक़ है जिसके लिए अंत तक संघर्ष जारी रहेगा। पेंशन तिरंगा यात्रा में जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सुधीर यादव, संयुक्त राज्य कर्मचारी परिषद के जिला संरक्षक देशराज सिंह, जिलाध्यक्ष धीरज कुमार, जिला मंत्री क्रांति कुमार शर्मा, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष एवं आरजेपी के प्रधानाचार्य गय्यूर आसिफ, महात्मा गांधी इंटर कॉलेज मंडावर के प्रधानाचार्य डॉ मोहित कुमार शर्मा,पेंशनर्स एसोसिएशन के जिला मंत्री योगेश्वर, राज्य कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा, उत्तर प्रदेश पंचायती राज सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष रूपेश कुमार, जिला मंत्री अश्वनी कुमार, पूर्व जिलाध्यक्ष जयप्रकाश पाल, मंडलाध्यक्ष गोपाल गौतम, डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार रवि, प्राथमिक शिक्षक संघ (पाण्डेय गुट) के प्रदेश मीडिया प्रभारी मोबीन हसन, जिलाध्यक्ष सुधाकर कुमार, विद्युत प्राविधिक कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष लौकेन्द्र चौधरी, राजकीय वाहन चालक संघ के जिला अध्यक्ष फ्रैंक आस्किन,जिला मंत्री नरेंद्र कुमार, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला अध्यक्ष दिग्विजय सिंह, आईटीआई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष संजीव कुमार, जिला मंत्री राजकुमार सिंह, कृषि अधिनिस्थ सेवा संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. विकास कुमार, जिला मंत्री रामप्रसाद सिंह, राष्ट्रीय एससीएसटी जन? जागृति महासंघ कोर कमेटी प्रभारी तेजपाल सिंह, जिला महामंत्री ओमप्रकाश सिंह, इरिगेशन मिनिस्ट्रियल कर्मचारी संघ के कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार, कलेक्ट्रेट मिनिस्टर कर्मचारी संघ की पूर्व जिलाध्यक्ष बीना रानी, भंडार पाल कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष शिव कुमार दिवाकर, जिलाध्यक्ष अनिल कुमार, पॉलिटेक्निक कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार, जितेंद्र राणा,निपेन्द्र कुमार, समरपाल कटारिया, अटेवा जिला संरक्षक डॉ भूपेंद्र कुमार, विजय पाल सिंह, महामंत्री सुभाष चंद्र यादव, जिला कोषाध्यक्ष विनीत कुमार गहलोत, जिला मंत्री नवीन चौधरी, जितेंद्र कुमार, जिला संगठन मंत्री ज्ञानेंद्र चौधरी, आईटी सेल से नीरज सिसौदिया, तहसील प्रभारी सुभाष चन्द्र, आफताब अहमद, अरुण कुमार, पंकज कटारिया, अरविंद कुमार, कुलदीप कुमार, अल्फिया जावेद, कौशल गीता रानी, निशि वर्मा, रीवा सिंह,तरनजीत कौर, मुजफ्फर इस्लाम, सुशील कुमार, भूपेंद्र चौधरी, कुलदीप कुमार, अरविंद कुमार, योगेंद्र कुमार जगदेव लोकेश कुमार शर्मा,ओमप्रकाश सिंह,मनोज कुमार, प्रवेन्द्र रायसान आदि हजारों शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# हमारे नेताओं की निजता से खिलवाड़ करना चाहती योगी सरकार- माकपा

**लखनऊ ( चिंगारी )।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के उत्तर प्रदेश राज्य मंत्रि परिषद ने प्रदेश की भाजपा की योगी आदित्यनाथ की सरकार पर आरोप लगाया है कि वह गैर-कानूनी तरीके से हमारी पार्टी के नेताओं की निजता के साथ खिलवाड़ करना चाहती है। बिना पार्टी को विश्वास में लिये तथा बिना किसी लिखित आदेश/नोटिस अथवा सूचना के पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं की गोपनीय सूचनाएँ एकत्रित कराई जा रही हैं। पुलिस द्वारा व्यक्तिगत सूचनाएँ एकत्र कराना सही नहीं है। इनके दुरुपयोग की भी प्रबल संभावनाएँ हैं।

सरकार को सर्वप्रथम यह बताना चाहिए कि वह क्यों व किस प्रयोजन से हमारी पार्टी अथवा अन्य पार्टियों के नेताओं व कार्यकर्ताओं से उनके आधार व पैन कार्ड, बैंक अकाउंट, वोटर आईडी तथा जमीन आदि के कागजात की जानकारी जुटा रही है। बिना प्रयोजन बताए तथा बिना लिखित आदेश/सूचना के तामील कराए पुलिस अथवा लोकल इंटेलिजेंस के जरिये इन जानकारियों को उजागर कराना नागरिकों की निजता व उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। माकपा ने इस फैसले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसका विरोध किया है और इसे तत्काल रोकने की मांग की है। पार्टी ने यह भी कहा है कि यदि सरकार के लिए ऐसा करना आवश्यक हो गया है तो उसे सबसे पहले इसे सार्वजनिक तौर पर घोषित करना चाहिए, पार्टी की उच्चस्तरीय कमेटियों को विश्वास में लेना चाहिए था। बिना किसी लिखित आदेश के वह बैंक आदि की संवेदनशील गोपनीय सूचनाएँ नहीं मांग सकती है। यह सरासर गलत है तथा एक सोची-समझी रणनीति के तहत निगरानी करने जैसा है।

## यह मौलिक अधिकारों का हनन- का. विजेंद्र

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के जिला मंत्री का. विजेन्द्र सिंह ने प्रदेश



सरकार पर गैर-कानूनी तरीके से उनकी पार्टी के नेताओं की निजता के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि बिना पार्टी को विश्वास में लिये तथा बिना किसी लिखित आदेश / नोटिस अथवा सूचना के पार्टी नेताओं , कार्यकर्ताओं की गोपनीय सूचनायें एकत्रित कराई जा रही हैं। का. विजेन्द्र सिंह ने कहा कि पुलिस द्वारा किसी राजनीतिक दल के नेताओं, कार्यकर्ताओं की व्यक्तिगत सूचनायें एकत्र कराना सही नहीं है। इन सूचनाओं के दुरुपयोग की प्रबल संभावनायें हैं। सरकार को सर्वप्रथम यह बताना चाहिये कि वह क्यों और किस प्रयोजन से उनकी पार्टी अथवा अन्य पार्टियों के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से उनके आधार कार्ड , पैन कार्ड , बैंक अकाउंट , वोटर आईडी तथा जमीन आदि के कागजात की जानकारी जुटा रही है। बिना प्रयोजन बताये तथा बिना लिखित आदेश / सूचना के पुलिस या लोकल इंटेलिजेंस के जरिये इन जानकारियों को एकत्र कराना नागरिकों की निजता एवं उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है।

## अपनी निजी जानकारी न दें- सुनील प्रधान

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** भाकियू ( टिकैत ) के जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान ने भी जिले के समस्त पदाधिकारियों - कार्यकर्ताओं से पुलिस या एलआईयू को



अपनी निजी सूचना न देने का आहवान किया है। भाकियू जिलाध्यक्ष ने समस्त पदाधिकारियों - कार्यकर्ताओं को जारी संदेश में कहा कि अगर आपसे एलआईयू या थाना पुलिस आपके आधार कार्ड नंबर , पैन नंबर या अन्य किसी निजी जानकारी के बारे में पूछती है , तो कोई भी पदाधिकारी या कार्यकर्ता अपनी कोई भी निजी जानकारी उन्हें न दे। यदि कोई कार्यकर्ता ऐसा करता है , तो यह उसकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी , संगठन इसके लिये जिम्मेदार नहीं होगा।

# संत रविदास माटी कलश यात्रा का नहटौर में जोरदार स्वागत

## संत रविदास के विचार समाज के लिये प्रेरणापुंज - ओम कुमार



**नहटौर ( चिंगारी )।** संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज जी की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित 'समरसता संकल्प अभियान' के अंतर्गत नहटौर विधानसभा क्षेत्र में पहुंची माटी कलश यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। गुरु रविदास जी की जन्मस्थली वाराणसी से पवित्र माटी को कलश में लेकर आई इस विशेष यात्रा का विधायक ओम कुमार ने भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और ग्रामवासियों के साथ अगवानी की। विधायक ओम कुमार ने ग्राम चक गोवर्धन, महमूदपुर मिलक उर्फ बच्चोवाला, रुखड़ियो, सादिकाबाद एवं फुलसंदा खाकम स्थित संत रविदास मंदिरों में पहुंचकर यात्रा का पूजन किया। इस दौरान उन्होंने संत रविदास महाराज जी के चित्र पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया तथा समाज में एकता, समानता एवं समरसता को मजबूत करने का संकल्प दोहराया। विधायक ओम कुमार ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि संत रविदास जी के विचार आज भी समाज को एकता, भाईचारे और समानता की राह दिखाने वाले प्रेरणापुंज हैं। उन्होंने समाज में व्याप्त भेदभाव को समाप्त कर मानवता एवं सामाजिक समरसता का संदेश दिया। उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाकर ही एक सशक्त और समरस समाज का निर्माण किया जा सकता है। इस अवसर पर भाजपा नहटौर मंडल अध्यक्ष वैभव गोयल, ब्लॉक प्रमुख नहटौर राकेश चौधरी, रविदास कमेटी चक गोवर्धन के अध्यक्ष सेवानंद सिंह, डॉ. उर्मिला पाल, कपिल शर्मा, दीपक कुमार, हरिमिलेश डीलर, अर्पित गुप्ता, राहुल चौधरी, आकाश कुमार एवं प्रशांत जी सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता व स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# विभाग रखेगा पूरा ध्यान, उपभोक्ताओं का प्राथमिकता के साथ होगा समाधान



जे.ई. राहुल मौर्य बोले

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )। अफजलगढ़ विद्युत उपकेंद्र पर नवनियुक्त जेई राहुल मौर्य ने नगर व क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने की बात कही है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपने बिजली बिल समय से जमा करने और बिजली चोरी पर अंकुश लगाने में विभाग का सहयोग करने की अपील की है।**

जेई राहुल मौर्य विद्युत उपकेंद्र के कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं की बिजली से जुड़ी समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन उपभोक्ताओं का लोड उनकी जरूरत के हिसाब से अधिक है, वह अपना लोड नियमानुसार बढ़वा लें। चेकिंग के दौरान लोड अधिक पाया गया तो लोड बढ़ाने के साथ नियमानुसार जुर्माना भी लगाया जा सकता है। उन्होंने बिजली चोरी करने वालों को चेतावनी देते हुए कहा कि बिजली चोरी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विभाग की ओर से बिजली चोरी रोकने के लिए लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। चेकिंग के दौरान बिजली चोरी पकड़े जाने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जेई ने कहा कि बिजली की लाइन में फाल्ट, लो-वोल्टेज या अन्य किसी तरह की परेशानी होने पर उपभोक्ता विभाग को इसकी जानकारी दें, ताकि समस्या का जल्द समाधान कराया जा सके। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बिजली व्यवस्था को बेहतर रखने और उपभोक्ताओं को बेहतर सप्लाई देने के लिए विभाग की ओर से हरसंभव प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर सत्येंद्र कुमार, मोहम्मद अकबर, हरिशंकर पटेल आदि मौजूद रहे।

# घर के बाहर टहल रहा था गुलदार, गांव में भय व्याप्त

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** ग्राम तिसोतरा में दिनदहाड़े एक गुलदार खेत से निकलकर अकेले घर की तरफ जा रहा था कि स्वामी रविराज चौधरी ने बाहर की ओर लगे सीसीटीवी कैमरे की लाइव रिकॉर्डिंग में देखा कि उनके घर के सामने स्थित गन्ने के खेत से निकलकर गुलदार उनके घर की तरफ आ रहा है। उन्होने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ हाथों में डंडे लेकर हल्ला मचाया, तो गुलदार वापस उसी खेत की तरफ भाग गया। ग्रामीणों अमित तोमर, गुलफाम इलाही, रविराज चौधरी, हेमेन्द्र तोमर ने बताया कि घर के समीप ही एक व्यक्ति अपनी बकरियों को चरा रहा था। हो सकता है कि गुलदार किसी बकरी को निवाला बनाने की फिराक में हो। ग्रामीणों ने वन विभाग से गुलदार को पिंजरे में पकड़कर वन क्षेत्र में छोड़े जाने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि गुलदार ने बुधवार की शाम नजीबाबाद क्षेत्र के ग्राम खुशहालपुर मड़का में एक सात वर्षीय बालक को अपना निवाला बना लिया था। उधर, गुलदार ने ग्राम गौसपुर में रहने वाले फूल सिंह के पालतू कुत्ते को अपना निवाला बना लिया। गुलदार चुपके से आया और कुत्ते को अपने जबड़े में दबोचकर ले गया। कुत्ते के अवशेष एक खेत में पड़े मिले। ग्रामीणों की सूचना पर राजगढ़ रेंज के रेंजर देव ऋषि सक्सेना तथा वन दरोगा योगेश कुमार मौके पर पहुंचे और पिंजरा लगाने का आश्वासन दिया।



# कैंटीन में घुसकर मारपीट की

**नूरपुर ( चिंगारी )।** नूरपुर थाना क्षेत्र के गांव असदपुर धमरौली निवासी कुलदीप सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह गांव में एक पैट्रोल पम्प पर कैंटीन चलाता है। गत बृहस्पतिवार की रात करीब साढ़े ग्यारह बजे उसकी कैंटीन पर ग्राम खजूरी निवासी टीकम पुत्र कल्लू सिंह, भूपेंद्र पुत्र ब्रहमपाल सिंह, पिंटू पुत्र कालू सिंह, देवेन्द्र पुत्र राजेन्द्र सैनी व गोविंदपुर (स्योहारा) निवासी नितिन पुत्र सतपाल व नितिन पुत्र मुकेश अपने अन्य साथियों के साथ आए तथा जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौज की। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की। हमले में उसके सर में चोट आई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर करीब आधा दर्जन लोगों को नामज़द करते हुए कुछ अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# उमस भरी गर्मी थी कल, आज जमकर बरसे बादल

**नांगल सोती ( चिंगारी )। कल दिनभर हुई उमसभरी भीषण गर्मी के बाद आज सुबह बादलों के जमकर बरसने पर लोगों को बड़ी राहत मिली। इससे पहले काली - काली घनघोर घटायें छाने से दिन में ही रात जैसा अंधेरा हो गया था। आषाढ़ में भले ही भयंकर गर्मी ने जीना मुहाल किया हो, मगर के महीने में घटायें जमकर बरस रही हैं। हालांकि इस बार बादल कितने ही जमकर बरस जायें, कुछ घंटे बाद ही गर्मी फिर से बेहाल करने लगती है। पिछले कई दिनों से मेघ खूब बरस रहे हैं, मगर कल फिर उमसभरी गर्मी ने हाल बेहाल कर दिया। रात को भी उमस से बुरा हाल। आज सुबह सवेरे से ही आसमान में बादल छा गये थे। 8.15 बजे काली-काली घनघोर घटायें ऐसी छाई कि दिन में ही अंधेरा हो गया। अंधेरा छाने के कारण सेंसर लगी स्ट्रीट लाइटें जल उठी थीं। फिर थोड़ी देर बाद बारिश शुरू हो गई। लगभग 9 बजे मूसलाधार बारिश हुई। घंटों तक घटायें ऐसी जमकर बरसीं कि तमाम मार्गों पर जलभराव हो गया। खेत जलमग्न हो गये। यह बारिश धान ( मूंजी ) की फसल के लिये काफी लाभकारी है। बारिश रुकने के बाद भी आसमान बादलों से घिरा हुआ था तथा और बारिश होने की संभावनायें बनी हुई थीं।**

# गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में हुई मैथ्स क्विज प्रतियोगिता



**नूरपुर ( चिंगारी )।** यहां धामपुर रोड स्थित गुरू तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को मैथ्स क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों में गणित विषय के प्रति रुचि, तार्किक क्षमता एवं प्रतिस्पर्धात्मक भावना विकसित करने के उद्देश्य से यह प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में कक्षा 3 से 9 तक के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह एवं उमंग के साथ प्रतिभाग किया। प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों में सुभाष हाउस के अवनी, धैर्य, यथार्थ, हर्ष, मीत, आदर्श, सिद्रा, ध्रुव,नक्श एवं दिव्यंका। गांधी हाउस के जीविका, बिलाल, मानव, मयंक, आरिज, अविशा, युग, जुनैद, अनुषा एवं फरिया। टैगोर हाउस के इशिका, कृतिका, भार्गव, इशांक, सत्यम, अफ्फान, निशिता, कृति, पार्थ, वेदांत, आरुष, गर्वित एवं मयंक। भगत सिंह हाउस के सुखजोत, भूमि, ईशप्रीत, पार्णिका, आरुषि, ध्रुवी, अवनी, हर्षित एवं अक्षिता। तेज हाउस जयंत, मानवी, राघव, सलीहा, काव्या, यशवीर, विशांक,जीशान, संस्कार एवं रुद्राक्ष सर्वश्रेष्ठ रही। टैगोर हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त कर किया। प्रतियोगिता का संचालन कोऑर्डिनेटर दीपक कुमार के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर मैनेजिंग डायरेक्टर मनदीप सिंह एवं प्रधानाचार्य अवनीश कुमार ने विद्यार्थियों के उत्साह, प्रतिभा एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

# मेहमान नवाज़ी में एतेदाल ज़रूरी, बीमारों की अयादत को दावत न बनाया जाए - मुफ़्ती रियाज़ क़ासमी

**अफ़ज़लगढ़ ( चिंगारी )। इस्लाह-ए-मुआशरा के तहत जारी कार्यक्रम के सिलसिले में कल जुमा की नमाज़ से पहले हज़रत मुफ़्ती रियाज़ क़ासमी अफ़ज़लगढ़ी ने अवाम से बात करते हुए मेहमाननवाज़ी के इस्लामी उसूल और उसमें एतेदाल के विषय पर अहम बातें कहीं।**



मुफ़्ती रियाज़ क़ासमी

उन्होंने कहा कि इस्लाम ने मेहमाननवाज़ी की तरग़ीब दी है, लेकिन हर मामले की तरह इसमें भी इफ़रात व तफ़रीत से बचने की तालीम दी गई है। मेहमाननवाज़ी न तो इतनी कम हो कि मेहमान को नागवारी महसूस हो और न ही इतनी ज्यादा कि इंसान फ़िज़ूलख़र्ची और इसराफ़ में पड़ जाए। मुफ़्ती रियाज़ क़ासमी ने कहा कि आज कभी-कभी लोग बीमारों की अयादत के लिए जाते हैं, लेकिन वहाँ भी तरह-तरह के नाश्ते और खाने की उम्मीद रखते हैं। जबकि बीमार इंसान ख़ुद हमदर्दी, तसल्ली और दुआओं का मोहताज होता है। ऐसे मौक़े पर उसके घरवालों पर खाने-पीने का बोझ डालना और तकल्लुफ़ात की उम्मीद करना इंसानी हमदर्दी के तक़ाज़ों के खिलाफ़ और इस्लामी तालीम के भी खिलाफ़ है। उन्होंने कहा कि अगर किसी के यहां मेहमाननवाज़ी का मौक़ा हो तो खाने और नाश्ते में सादगी और एतेदाल अपनाया जाए। कई-कई तरह के खाने और नाश्ते तैयार करना, ज़रूरत से ज्यादा सामान लगाना और फिर उसका ज़ाया हो जाना फ़िज़ूलख़र्ची और इसराफ़ के दायरे में आता है। ख़ास तौर पर घर की औरतों को इस मामले में ख़ास तवज्जो देनी चाहिए और घर के बजट, साधन और ज़रूरत को सामने रखते हुए एतेदाल के साथ मेहमाननवाज़ी करनी चाहिए।

### ज्यादा खाने पेश करने का नाम मेहमान नवाजी नहीं

**उन्होंने कहा कि असली मेहमाननवाज़ी ज़्यादा से ज़्यादा खाने पेश करने का नाम नहीं, बल्कि ख़ुलूस, मोहब्बत, ख़ुश-अख़लाक़ी और मेहमान की राहत का ख़याल रखने का नाम है। हमें अपनी सामाजिक रस्मों और रोज़मर्रा की ज़िंदगी में दिखावे और आपसी मुक़ाबले के बजाय सादगी और इस्लामी तालीमात को अपनाना चाहिए। बयान के अंत में मुल्क में अमन व अमान, ख़ुशहाली और अवाम की ख़ैरियत के लिए ख़ास दुआ की गई।**

# एसआईआर में बड़ी प्रगति: 11.90 लाख मतदाताओं की मैपिंग पूरी, 5.47 लाख नोटिस जारी

**देहरादून ( चिंगारी )। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों और निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति साझा करते हुए पारदर्शिता के लिए राजनीतिक दलों से सहयोग की अपील की।**

## यूपी-उत्तराखंड दोनों राज्यों में दर्ज 96,187 मतदाताओं का होगा सत्यापन



जिलाधिकारी ने बताया कि मतदाता सूची में अब तक 11,90,805 मतदाताओं की मैपिंग पूरी की जा चुकी है। वर्ष 2003 क मतदाता सूची में दर्ज मतदाताओं के विवरण में विसंगतियां मिलने और उसका विवरण उपलब्ध न कराए जाने पर 21 अगस्त तक बीएलओ के माध्यम से 547617 लोगों को नोटिस जारी किए गए है। इसमें से 395772 लोगों की सुनवाई पूरी हो चुकी है और जबकि 152170 लोगों की सुनवाई जारी है। जिलाधिकारी ने बताया कि 21 अगस्त तक जिले में मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए 39,025 नागरिकों ने प्रारूप-6 में आवेदन किया है। वहीं, मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए प्रारूप-7 में 10,235 दावे/आपत्तियां प्राप्त हुई हैं, जबकि मतदाता सूची में विवरण संशोधन के लिए 10,718 नागरिकों ने प्रारूप-8 में आवेदन प्रस्तुत किए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रारूप-7 के तहत प्राप्त सभी आपत्तियों पर संबंधित बीएलओ द्वारा संबंधित व्यक्ति को व्यक्तिगत रूप से नोटिस तामील कराया जाएगा। नोटिस प्राप्त होने के सात दिन बाद ही सुनवाई शिविर आयोजित किया जाएगा। जिलेभर में बूथवार आयोजित होने वाले इन शिविरों में जिस मतदाता के विरुद्ध आपत्ति दर्ज की गई है और आपत्तिकर्ता, दोनों को अपना पक्ष रखने का पूरा अवसर दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जनपद में 96187 मतदाता ऐसे है, जिनका नाम यूपी और उत्तराखंड दोनों राज्यों में है। ऐसे मतदाताओं को स्वेच्छा से एक राज्य का चुनाव करने का अवसर दिया जाएगा। बीएलओ द्वार घर-घर जाकर इन सभी डीएसई वोटर को इस संबंध में जानकारी देकर उनके स्वेच्छा के अनुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## ट्यूबवैलों पर देखे जा रहे हैं गुलदार, पिंजरा लगाने की मांग

**किरतपुर ( चिंगारी )। ब्लॉक के समीपवर्ती ग्राम लच्छीरामपुर में आये दिन गुलदार देखे जा रहे हैं। गांव के समीप बने ट्यूबवैलों पर गुलदारों का जमावड़ा लगा रहता है। आये दिन गुलदारों को इधर-उधर देखे जाने से गांव के किसान व मजदूर अपने खेतों में काम करने के लिये भी नहीं जा पा रहे हैं। दिन छिप जाने के बाद अगर कोई देर से अपने घर आना चाहता है तो उसे गुलदारों के भय से आने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सभी ग्रामवासियों ने क्षेत्र में जहां-जहां पर गुलदार दिखाई देते हैं, वहां-वहां पिंजरा लगाने की मांग की है।**

## किरतपुर में जगह-जगह भरा पानी, नागरिकों को बड़ी परेशानी

**किरतपुर ( चिंगारी )। सावन में हो रही लगातार बारिश की वजह से नगर में कई जगहों पर पानी भरने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चेयरमैन से पानी के निकासी करवाने की मांग की जा रही है। रोजाना बारिश होने से मास्टर कॉलोनी, मोहल्ला अंबेडकरनगर व चौहानान भरा हुआ है, जिसके कारण राहगीरों, छात्र एवं छात्राओं को आने-जाने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। इन तीनों जगहों पर पानी निकासी नहीं हो पा रही है, इसलिए कई दिन तक पानी भरा रहता है। मास्टर कॉलोनी में अंबेडकरनगर में मुख्य सड़क पर ज्यादा परेशानी है।**

## 10 दिन में सर्विस रोड का निर्माण शुरू नहीं हुआ तो टोल फ्री करा देंगे




**किरतपुर ( चिंगारी )।** कल भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक, किरतपुर ब्लॉक के ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद राजपूत के नेतृत्व में थाना प्रभारी पुष्पेंद्र को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि नेशनल हाईवे-119 पर ग्राम बुढ़पुर नैनसिंह के सामने सर्विस रोड तथा चांडक तुर्क के सामने अंडरपास की सर्विस रोड का निर्माण जल्द से जल्द कराया जाए। यूनियन इस संबंध में शासन-प्रशासन को 10 दिन का समय दिया है। यदि समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो संगठन जनहित में टोल टैक्स फ्री कराने सहित आंदोलनात्मक कदम उठाने के लिए बाध्य होगा।

## मुठभेड़ में शातिर अभियुक्त के पैर में गोली लगी

**पैजनिया ( चिंगारी )। थाना हल्दौर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। चैकिंग के दौरान हुई पुलिस मुठभेड़ में एक शातिर अभियुक्त को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार को चैकिंग के दौरान अभियुक्त जावेद पुत्र जियाउद्दीन निवासी ग्राम भवानीपुर, थाना हल्दौर को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया। मुठभेड़ के दौरान अभियुक्त के बाएं पैर में गोली लगी है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर, 01 खोखा कारतूस नाल में फंसा हुआ, 02 जिंदा कारतूस 315 बोर, पशु काटने के उपकरण और एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद हुई है। गौरतलब है कि 22 जुलाई को थाना क्षेत्र के गांव भवानीपुर में पुलिस मुठभेड़ के दौरान अभियुक्त लईक अहमद पुत्र हसीबुद्दीन को गिरफ्तार किया गया था। इस संबंध में थाना हल्दौर पर आर्म्स एक्ट व गोवध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। इसमें सुल्तान पुत्र अमीनुद्दीन व आसिम पुत्र छुन्नू निवासी अथाई जमरूद्दीन पहले ही कोर्ट में आत्मसमर्पण कर चुके हैं। विवेचना के दौरान जावेद का नाम प्रकाश में आया था। थानाध्यक्ष बिजेन्द्र सिंह राठी, उनि. शेर सिंह, कां. टिंकू, कां. प्रभात कुमार, कां. गंगाधर, कां. अंकित और कां. 2846 शामिल रहे।**

## छड़ियों के मेले में उमड़ पड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



**गंज ( चिंगारी )।** प्रत्येक वर्ष श्रावण मास में गंज में मां गंगा के पवन तट पर लगने वाले छड़ी जाहर दीवान मेले में कल श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। गुरुवार से ही जाहर दीवान मंदिर पर प्रसाद चढ़ाने वाले श्रद्धालु पहुंचने लगे थे। आज सुबह मौसम साफ होने व नवमी तिथि होने के कारण भक्त भारी संख्या में मंदिर पर पहुंचे। मंदिर पर सैलाब उमड़ने से पुलिस द्वारा की गई व्यवस्था बौना साबित हुई। उधर गंज के हल्दौर चौराहे पर भी वाहनों के कारण बार-बार जाम की स्थिति पैदा होती रही। मेले में भारी भीड़ के कारण जलेबी व पकौड़ी बेचने वालों की खूब बिक्री हुई। वहीं प्राइवेट तौर पर लगे साइकिल स्टैंड वालों ने भी मेले में पहुंचने वाले वाहनों से जमकर कमाई की।

## किसानों का शोषण कर रहा बिलाई शुगर मिल - डा. यशवंत

**नहटौर ( चिंगारी )।** नगीना लोकसभा के पूर्व सांसद डॉ. यशवंत सिंह ने कहा कि बजाज हिंदुस्तान शुगर मिल बिलाई हठधर्मिता दिखा रहा है। जिसके कारण इससे जुड़े किसानों को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि बिलाई शुगर मिल बकाया भुगतान न करने की शिकायत वह मुख्यमंत्री से करेंगे। शुक्रवार को अपने कैंप कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता में पूर्व सांसद डा. यशवंत सिंह ने कहा कि बजाज हिंदुस्तान शुगर मिल क्षेत्र के किसानों का करोड़ों रुपया बकाया है, जिसके कारण उन्हें आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बजाज शुगर मिल को अन्य शुगर मिलों की तरह नियमानुसार गन्ने का बकाया भुगतान करना चाहिए और यदि वह भुगतान नहीं करता है, तो उसे किसानों को ब्याज के साथ भुगतान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बकाया भुगतान को लेकर वह किसानों का पूर्ण समर्थन करते हैं और उनकी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री से शिकायत दर्ज कराएंगे।



डॉ. यशवंत सिंह

## गुलदार ने निराश्रित गौवंश को मार डाला

**किरतपुर ( चिंगारी )। पास के गांव आलमपुर से हैबतपुर मार्ग उमरी के पास नवनिर्मित टंकी प्रांगण में बीती रात गुलदार ने एक निराश्रित गौवंश को अपना निवाला बना लिया। सुबह होने पर जब पास के लोग पशुओं के लिए चारा लेने जा रहे थे तो उन्होंने टंकी प्रांगण में गोवंश का शव पड़ा देखा। यह बात सुनकर घटनास्थल पर काफी लोगों की भीड़ जमा हो गई। किसान नेता राहुल पंडित भी अपने कुछ साथियों के साथ मौके पर पहुंचे। राहुल पंडित ने पिंजरा लगवाने की मांग की है। क्षेत्र में आए दिन कभी जंगल में तो कभी गांव के पास तो कभी बाग बगीचों में गुलदार देखे जाने की चर्चा आग तरह फैली हुई है, जिससे लोगों में दहशत का माहौल व्याप्त है। जिसके चलते स्कूली बच्चे व ग्रामीण जंगल से पशुओं का चारा लेने टोलियां बनाकर जा रहे हैं।**



फाइल फोटो

# प्रधानमंत्री उज्जवला योजना लाभार्थी विभाग के विधानसभा क्षेत्र चेयरमैन नियुक्त

## योजना का लाभ दिलाने को चलाया जायेगा जागरूकता अभियान


विधानसभा क्षेत्र चेयरमैनों के साथ अतिथिगण।

**धामपुर (चिंगारी)।** प्रधानमंत्री उज्वला योजना लाभार्थी विभाग की शुक्रवार को ओम फार्म हाउस में आयोजित बैठक में विभाग के राष्ट्रीय चेयरमैन राकेश प्रजापति ने जिला अध्यक्ष डॉ. इंद्रदेव सिंह की संस्तुति पर जनपद बिजनौर की सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों के लिए नवनियुक्त चेयरमैनों की मंच से घोषणा की। राष्ट्रीय चेयरमैन राकेश प्रजापति ने नवनियुक्त विधानसभा चेयरमैन और कार्यकर्ताओं से पात्र एवं वंचित लोगों को प्रधानमंत्री उज्वला योजना का लाभ दिलाने के लिए जागरूकता अभियान चलाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि उज्वला योजना के तहत पात्र प्रत्येक लाभार्थी के हितों की रक्षा की जाएगी और उन्हें योजना का लाभ दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने चेयरमैन एवं पूर्व विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह की संस्तुति पर विधानसभा क्षेत्रवार चेयरमैनों की घोषणा की। इनमें बिजनौर विधानसभा से जोगेंद्र वालिया, चांदपुर से संजीव बंसल, नजीबाबाद से चौधरी लवकुमार सिंह, नगीना से अब्दुल कय्यूम राइन, धामपुर से सोमपाल सैनी, बढ़ापुर-अफजलगढ़ से डॉ. हिमांशु दक्ष, नहटौर से विनिल त्यागी तथा नूरपुर से श्रीमती अनीता वर्मा को चेयरमैन नियुक्त किया गया।

राकेश प्रजापति ने बताया कि जल्द ही मंडल स्तर पर भी संगठन का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता गांव-गांव और पात्र परिवारों तक पहुंचकर उन्हें योजना की जानकारी दें ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न रहे। विभाग के जिला चेयरमैन एवं पूर्व विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह ने प्रदेश सरकार की ओर से संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा लागू की गई उज्वला योजना गरीब परिवारों के उत्थान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। पात्र लोगों को योजना की जानकारी देकर उन्हें इसका लाभ दिलाना सभी कार्यकर्ताओं का कर्तव्य है। बैठक में ओमपाल सैनी, जगदीश सक्सेना, रंजीत कंसल, श्याम सिंह चौहान, कमलेश चौधरी, उमेश सिंह, जयप्रकाश सैनी, गोपाल सिंह, नरेंद्र सिंह मौजूद रहे।

## फेस्टिबल मंथ के दूसरे दिन कक्षा 8 के छात्रों ने प्रस्तुत किये कार्यक्रम


कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण।

**धामपुर (चिंगारी)।** नगीना मार्ग स्थित पुरुषोत्तम शरण भानु प्रकाश सरस्वती शिशु मंदिर में यूथ फेस्टिवल मंथ के अंतर्गत द्वितीय दिवस के कार्यक्रम में कक्षा अष्टम द्वारा प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती नीति तेवतिया, सौरभ मालपानी, पारस अग्रवाल, हेमेंद्र सिंह एवं विपुल गर्ग व्यवस्थापक सरस्वती शिशु मंदिर धामपुर रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य अमरपाल सिंह द्वारा बताया गया कि स्वयं की अभिव्यक्ति आज के समय में एक महत्वपूर्ण चुनौती है। बालक सब कुछ जानते हुए भी अपने आप को मंच से अपनी अभिव्यक्ति नहीं कर पाता। छात्रों द्वारा इंग्लिश में अपना इंट्रोडक्शन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री सौरभ मालपानीजी ने सभी भैया बहनों को अपनी शुभकामनाएं दी तथा बताया कि विद्यालय के विकास के लिए ऐसे कार्यक्रम आवश्यक है, इनसे छात्रों का सर्वांगीण विकास होता है ।अंत में प्रधानाचार्य जी द्वारा समस्त अतिथियों एवं अभिभावकों का विद्यालय आगमन पर आभार प्रकट किया गया। कार्यक्रम में सभी आचार्य बंधुओं एवं भगिनियों का सहयोग रहा।

## कांवड़ यात्रा शान्तिपूर्वक कराई सम्पन्न सीओ का किया जायेगा अभिनंदन


सीओ अंजनी कुमार चतुर्वेदी

**धामपुर (चिंगारी)।** भगवान भोलेनाथ के प्रिय श्रावण मास में कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने में पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार चतुर्वेदी द्वारा किए गए सराहनीय कार्यों को देखते हुए नगर के गणमान्य नागरिकों की ओर से 26 अगस्त 2026 को उनका नागरिक अभिनंदन किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक अनिल शर्मा एडवोकेट ने यह जानकारी देते हुए बताया कि नागरिक अभिनंदन समारोह 26 अगस्त 2026 बुधवार को शाम 5:30 बजे श्री राधा कृष्ण मंदिर, धामपुर में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर सीओ अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने लगातार सक्रिय रहकर जिम्मेदारी निभाई। उन्होंने बताया कि श्रावण मास में कांवड़ यात्रा को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार चतुर्वेदी द्वारा सराहनीय कार्य किया गया है। कार्यक्रम में नगर की विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं द्वारा नागरिक अभिनंदन किया जाएगा।

## महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा का चुनाव 6 सितम्बर को

**धामपुर (चिंगारी)। चुनाव समिति महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा जिला बिजनौर की एक बैठक कैम्प कार्यालय धामपुर मे आहूत की गई । बैठक मे जिला कार्यकारिणी समिति के चुनाव 06 सितंबर 2026 को कराने की सहमति हुई, जो प्रातः 10 बजे क्षत्रिय भवन, क्षत्रिय नगर धामपुर में होंगे। महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा जिला बिजनौर के सभी आजीवन सदस्यों से अनुरोध किया गया कि 06 सितंबर 2026 को अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।**

## चोरी हुई बाइक बरामद

**धामपुर (चिंगारी)।** गांव जैतरा निवासी हाफिज वाहिद की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल चोरी हो गई थी जिसकी रिपोर्ट उन्होंने कोतवाली में दर्ज कराई थी। आज मुखबिर की सूचना पर उन्होंने स्प्लेंडर बाइक को अपनी एक रिश्तेदारी में से बरामद कर लिया। पकड़े जाने पर रिश्तेदार के परिवार उनसे माफी मांगने लगे परंतु उन्होंने कहा कि फैसला थाने में ही होगा। बताया जाता है कि रिश्तेदार ने बाइक की पहचान मिटाने के लिए उस पर दूसरा रंग रोगन कर लिया था।

## क्षतिग्रस्त पुलिया व सड़क नगर पालिका ने कराई ठीक

**धामपुर (चिंगारी)।** सिवहारा चुंगी से शीला टॉकीज़ मार्ग पर इकडा नदी पर क्षतिग्रस्त पुलिया और सड़क का निर्माण नगर पालिका परिषद द्वारा करा दिया गया है, जिससे राहगीरों ने राहत की सांस ली। उन्होंने कहा कि सड़क और पुलिया ठीक होने से अब यहां से गुजरने वाले लोगों का हुलिया ठीक रहेगा। उल्लेखनीय है कि लगभग तीन महापूर्व नगर पालिका परिषद ने 16 लाख रुपए की लागत से इकडा नदी की पुलिया और सड़क का निर्माण कराया था, परंतु सड़क और पुलिया की टच रोड टूट जाने के कारण दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई थी।



## उद्यमी भारती रावत सम्मानित

**लालढांग (चिंगारी)।** मुख्यमंत्री उद्यमशाला योजना के अंतर्गत आयोजित 'चौपाल-2026' कार्यक्रम में उद्यमिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर लालढांग क्षेत्र की उद्यमी भारती रावत को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य सेवक सदन, देहरादून में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में मुर्गी पालन व्यवसाय से जुड़ी भारती रावत, पत्नी कमल रावत को उद्यमिता के क्षेत्र में सराहनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में परियोजना समन्वयक RSETI/अपर सचिव ग्राम्य विकास विभाग झरना ककवानी, आई.ए.एस. सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## धूम्रपान निषेध विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन



**धामपुर (चिंगारी)।** कन्या इंटर कॉलेज धामपुर में माध्यमिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत धूम्रपान निषेध विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रेखा देवी के निर्देशन में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी कलात्मक प्रतिभा के माध्यम से धूम्रपान से होने वाले व्यक्तिगत स्वास्थ्य तथा सामाजिक दुष्प्रभावों को आकर्षक पोस्टरों के ज़रिए प्रदर्शित किया। प्रतियोगिता में प्रथम एवं उत्कृष्ट स्थान कुमारी सिद्रा एवं रजिया परवीन को मिला। सराहनीय प्रदर्शन आकांक्षा, शिप्रा, कुमारी रिदा परवीन तथा सोनिया का रहा। प्रधानाचार्या श्रीमती रेखा देवी ने सभी प्रतिभागी छात्राओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी को तंबाकू और धूम्रपान के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना समय की मुख्य आवश्यकता है।कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन शिक्षिका डॉ. प्रीति रानी, श्रीमती नीरज तथा श्रीमती रेखा रानी के द्वारा किया गया।

# संत रविदास माटी कलश यात्रा का नहटौर में जोरदार स्वागत

## संत रविदास के विचार समाज के लिये प्रेरणापुंज - ओम कुमार



**नहटौर ( चिंगारी )।** संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज जी की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित 'समरसता संकल्प अभियान' के अंतर्गत नहटौर विधानसभा क्षेत्र में पहुंची माटी कलश यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। गुरु रविदास जी की जन्मस्थली वाराणसी से पवित्र माटी को कलश में लेकर आई इस विशेष यात्रा का विधायक ओम कुमार ने भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और ग्रामवासियों के साथ अगवानी की। विधायक ओम कुमार ने ग्राम चक गोवर्धन, महमूदपुर मिलक उर्फ बच्चोवाला, रुखड़ियो, सादिकाबाद एवं फुलसंदा खाकम स्थित संत रविदास मंदिरों में पहुंचकर यात्रा का पूजन किया। इस दौरान उन्होंने संत रविदास महाराज जी के चित्र पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया तथा समाज में एकता, समानता एवं समरसता को मजबूत करने का संकल्प दोहराया। विधायक ओम कुमार ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि संत रविदास जी के विचार आज भी समाज को एकता, भाईचारे और समानता की राह दिखाने वाले प्रेरणापुंज हैं। उन्होंने समाज में व्याप्त भेदभाव को समाप्त कर मानवता एवं सामाजिक समरसता का संदेश दिया। उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाकर ही एक सशक्त और समरस समाज का निर्माण किया जा सकता है। इस अवसर पर भाजपा नहटौर मंडल अध्यक्ष वैभव गोयल, ब्लॉक प्रमुख नहटौर राकेश चौधरी, रविदास कमेटी चक गोवर्धन के अध्यक्ष सेवानंद सिंह, डॉ. उर्मिला पाल, कपिल शर्मा, दीपक कुमार, हरिमिलेश डीलर, अर्पित गुप्ता, राहुल चौधरी, आकाश कुमार एवं प्रशांत जी सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता व स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# विभाग रखेगा पूरा ध्यान, उपभोक्ताओं का प्राथमिकता के साथ होगा समाधान



जे.ई. राहुल मौर्य बोले

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )। अफजलगढ़ विद्युत उपकेंद्र पर नवनियुक्त जेई राहुल मौर्य ने नगर व क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने की बात कही है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपने बिजली बिल समय से जमा करने और बिजली चोरी पर अंकुश लगाने में विभाग का सहयोग करने की अपील की है।**

जेई राहुल मौर्य विद्युत उपकेंद्र के कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं की बिजली से जुड़ी समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन उपभोक्ताओं का लोड उनकी जरूरत के हिसाब से अधिक है, वह अपना लोड नियमानुसार बढ़वा लें। चेकिंग के दौरान लोड अधिक पाया गया तो लोड बढ़ाने के साथ नियमानुसार जुर्माना भी लगाया जा सकता है। उन्होंने बिजली चोरी करने वालों को चेतावनी देते हुए कहा कि बिजली चोरी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विभाग की ओर से बिजली चोरी रोकने के लिए लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। चेकिंग के दौरान बिजली चोरी पकड़े जाने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जेई ने कहा कि बिजली की लाइन में फाल्ट, लो-वोल्टेज या अन्य किसी तरह की परेशानी होने पर उपभोक्ता विभाग को इसकी जानकारी दें, ताकि समस्या का जल्द समाधान कराया जा सके। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बिजली व्यवस्था को बेहतर रखने और उपभोक्ताओं को बेहतर सप्लाई देने के लिए विभाग की ओर से हरसंभव प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर सत्येंद्र कुमार, मोहम्मद अकबर, हरिशंकर पटेल आदि मौजूद रहे।

# घर के बाहर टहल रहा था गुलदार, गांव में भय व्याप्त

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** ग्राम तिसोतरा में दिनदहाड़े एक गुलदार खेत से निकलकर अकेले घर की तरफ जा रहा था कि स्वामी रविराज चौधरी ने बाहर की ओर लगे सीसीटीवी कैमरे की लाइव रिकॉर्डिंग में देखा कि उनके घर के सामने स्थित गन्ने के खेत से निकलकर गुलदार उनके घर की तरफ आ रहा है। उन्होने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ हाथों में डंडे लेकर हल्ला मचाया, तो गुलदार वापस उसी खेत की तरफ भाग गया। ग्रामीणों अमित तोमर, गुलफाम इलाही, रविराज चौधरी, हेमेन्द्र तोमर ने बताया कि घर के समीप ही एक व्यक्ति अपनी बकरियों को चरा रहा था। हो सकता है कि गुलदार किसी बकरी को निवाला बनाने की फिराक में हो। ग्रामीणों ने वन विभाग से गुलदार को पिंजरे में पकड़कर वन क्षेत्र में छोड़े जाने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि गुलदार ने बुधवार की शाम नजीबाबाद क्षेत्र के ग्राम खुशहालपुर मड़का में एक सात वर्षीय बालक को अपना निवाला बना लिया था। उधर, गुलदार ने ग्राम गौसपुर में रहने वाले फूल सिंह के पालतू कुत्ते को अपना निवाला बना लिया। गुलदार चुपके से आया और कुत्ते को अपने जबड़े में दबोचकर ले गया। कुत्ते के अवशेष एक खेत में पड़े मिले। ग्रामीणों की सूचना पर राजगढ़ रेंज के रेंजर देव ऋषि सक्सेना तथा वन दरोगा योगेश कुमार मौके पर पहुंचे और पिंजरा लगाने का आश्वासन दिया।



# कैंटीन में घुसकर मारपीट की

**नूरपुर ( चिंगारी )।** नूरपुर थाना क्षेत्र के गांव असदपुर धमरौली निवासी कुलदीप सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह गांव में एक पैट्रोल पम्प पर कैंटीन चलाता है। गत बृहस्पतिवार की रात करीब साढ़े ग्यारह बजे उसकी कैंटीन पर ग्राम खजूरी निवासी टीकम पुत्र कल्लू सिंह, भूपेंद्र पुत्र ब्रहमपाल सिंह, पिंटू पुत्र कालू सिंह, देवेन्द्र पुत्र राजेन्द्र सैनी व गोविंदपुर (स्योहारा) निवासी नितिन पुत्र सतपाल व नितिन पुत्र मुकेश अपने अन्य साथियों के साथ आए तथा जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौज की। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की। हमले में उसके सर में चोट आई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर करीब आधा दर्जन लोगों को नामज़द करते हुए कुछ अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# उमस भरी गर्मी थी कल, आज जमकर बरसे बादल

**नांगल सोती ( चिंगारी )। कल दिनभर हुई उमसभरी भीषण गर्मी के बाद आज सुबह बादलों के जमकर बरसने पर लोगों को बड़ी राहत मिली। इससे पहले काली - काली घनघोर घटायें छाने से दिन में ही रात जैसा अंधेरा हो गया था। आषाढ़ में भले ही भयंकर गर्मी ने जीना मुहाल किया हो, मगर के महीने में घटायें जमकर बरस रही हैं। हालांकि इस बार बादल कितने ही जमकर बरस जायें, कुछ घंटे बाद ही गर्मी फिर से बेहाल करने लगती है। पिछले कई दिनों से मेघ खूब बरस रहे हैं, मगर कल फिर उमसभरी गर्मी ने हाल बेहाल कर दिया। रात को भी उमस से बुरा हाल। आज सुबह सवेरे से ही आसमान में बादल छा गये थे। 8.15 बजे काली-काली घनघोर घटायें ऐसी छाई कि दिन में ही अंधेरा हो गया। अंधेरा छाने के कारण सेंसर लगी स्ट्रीट लाइटें जल उठी थीं। फिर थोड़ी देर बाद बारिश शुरू हो गई। लगभग 9 बजे मूसलाधार बारिश हुई। घंटों तक घटायें ऐसी जमकर बरसीं कि तमाम मार्गों पर जलभराव हो गया। खेत जलमग्न हो गये। यह बारिश धान ( मूंजी ) की फसल के लिये काफी लाभकारी है। बारिश रुकने के बाद भी आसमान बादलों से घिरा हुआ था तथा और बारिश होने की संभावनायें बनी हुई थीं।**

# गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में हुई मैथ्स क्विज प्रतियोगिता



**नूरपुर ( चिंगारी )।** यहां धामपुर रोड स्थित गुरू तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को मैथ्स क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों में गणित विषय के प्रति रुचि, तार्किक क्षमता एवं प्रतिस्पर्धात्मक भावना विकसित करने के उद्देश्य से यह प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में कक्षा 3 से 9 तक के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह एवं उमंग के साथ प्रतिभाग किया। प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों में सुभाष हाउस के अवनी, धैर्य, यथार्थ, हर्ष, मीत, आदर्श, सिद्रा, ध्रुव,नक्श एवं दिव्यंका। गांधी हाउस के जीविका, बिलाल, मानव, मयंक, आरिज, अविशा, युग, जुनैद, अनुषा एवं फरिया। टैगोर हाउस के इशिका, कृतिका, भार्गव, इशांक, सत्यम, अफ्फान, निशिता, कृति, पार्थ, वेदांत, आरुष, गर्वित एवं मयंक। भगत सिंह हाउस के सुखजोत, भूमि, ईशप्रीत, पार्णिका, आरुषि, ध्रुवी, अवनी, हर्षित एवं अक्षिता। तेज हाउस जयंत, मानवी, राघव, सलीहा, काव्या, यशवीर, विशांक,जीशान, संस्कार एवं रुद्राक्ष सर्वश्रेष्ठ रही। टैगोर हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त कर किया। प्रतियोगिता का संचालन कोऑर्डिनेटर दीपक कुमार के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर मैनेजिंग डायरेक्टर मनदीप सिंह एवं प्रधानाचार्य अवनीश कुमार ने विद्यार्थियों के उत्साह, प्रतिभा एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

# मेहमान नवाज़ी में एतेदाल ज़रूरी, बीमारों की अयादत को दावत न बनाया जाए - मुफ़्ती रियाज़ क़ासमी

**अफ़ज़लगढ़ ( चिंगारी )। इस्लाह-ए-मुआशरा के तहत जारी कार्यक्रम के सिलसिले में कल जुमा की नमाज़ से पहले हज़रत मुफ़्ती रियाज़ क़ासमी अफ़ज़लगढ़ी ने अवाम से बात करते हुए मेहमाननवाज़ी के इस्लामी उसूल और उसमें एतेदाल के विषय पर अहम बातें कहीं।**



मुफ़्ती रियाज़ क़ासमी

उन्होंने कहा कि इस्लाम ने मेहमाननवाज़ी की तरग़ीब दी है, लेकिन हर मामले की तरह इसमें भी इफ़रात व तफ़रीत से बचने की तालीम दी गई है। मेहमाननवाज़ी न तो इतनी कम हो कि मेहमान को नागवारी महसूस हो और न ही इतनी ज्यादा कि इंसान फ़िज़ूलख़र्ची और इसराफ़ में पड़ जाए। मुफ़्ती रियाज़ क़ासमी ने कहा कि आज कभी-कभी लोग बीमारों की अयादत के लिए जाते हैं, लेकिन वहाँ भी तरह-तरह के नाश्ते और खाने की उम्मीद रखते हैं। जबकि बीमार इंसान ख़ुद हमदर्दी, तसल्ली और दुआओं का मोहताज होता है। ऐसे मौक़े पर उसके घरवालों पर खाने-पीने का बोझ डालना और तकल्लुफ़ात की उम्मीद करना इंसानी हमदर्दी के तक़ाज़ों के खिलाफ़ और इस्लामी तालीम के भी खिलाफ़ है। उन्होंने कहा कि अगर किसी के यहां मेहमाननवाज़ी का मौक़ा हो तो खाने और नाश्ते में सादगी और एतेदाल अपनाया जाए। कई-कई तरह के खाने और नाश्ते तैयार करना, ज़रूरत से ज्यादा सामान लगाना और फिर उसका ज़ाया हो जाना फ़िज़ूलख़र्ची और इसराफ़ के दायरे में आता है। ख़ास तौर पर घर की औरतों को इस मामले में ख़ास तवज्जो देनी चाहिए और घर के बजट, साधन और ज़रूरत को सामने रखते हुए एतेदाल के साथ मेहमाननवाज़ी करनी चाहिए।

### ज्यादा खाने पेश करने का नाम मेहमान नवाजी नहीं

**उन्होंने कहा कि असली मेहमाननवाज़ी ज़्यादा से ज़्यादा खाने पेश करने का नाम नहीं, बल्कि ख़ुलूस, मोहब्बत, ख़ुश-अख़लाक़ी और मेहमान की राहत का ख़याल रखने का नाम है। हमें अपनी सामाजिक रस्मों और रोज़मर्रा की ज़िंदगी में दिखावे और आपसी मुक़ाबले के बजाय सादगी और इस्लामी तालीमात को अपनाना चाहिए। बयान के अंत में मुल्क में अमन व अमान, ख़ुशहाली और अवाम की ख़ैरियत के लिए ख़ास दुआ की गई।**

# यूपी में अब ऐप से बुकिंग वाले सफर में मनमानी पर लगेगी लगाम

**लखनऊ ( चिंगारी )।** प्रदेश सरकार ने उत्तर प्रदेश में परिवहन और डिलीवरी सेवाओं को अधिक सुरक्षित, व्यवस्थित और जवाबदेह बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए उत्तर प्रदेश मोटरयान (समूहक एवं वितरण सेवा प्रदाता) नियमावली 2026 को लागू कर दिया है। इसके साथ upmyfleet.com एग्रीगेटर पोर्टल भी शुरू कर दिया गया है। नई व्यवस्था में यात्रियों की सुरक्षा, ड्राइवरों का कल्याण, वाहन प्रदूषण की निगरानी, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा, किराये में पारदर्शिता और शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए कई महत्वपूर्ण मानक तय किए गए हैं।

## एग्रीगेटर और डिलीवरी सेवाओं को पहली बार मिला व्यापक नियामक ढांचा

उत्तर प्रदेश सरकार ने 22 मई 2026 की अधिसूचना के माध्यम से उत्तर प्रदेश मोटरयान (समूहक एवं वितरण सेवा प्रदाता) नियमावली, 2026 लागू की है। इसके तहत एग्रीगेटर और डिलीवरी सेवा प्रदाताओं के लिए आवेदन, लाइसेंस, सुरक्षा जमा राशि और संचालन से जुड़े नियम तय किए गए हैं। यह व्यवस्था उन डिजिटल या इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफॉर्म से जुड़ी सेवाओं के लिए महत्वपूर्ण है, जिनके माध्यम से यात्रियों को परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई जाती है या किसी चालक को विक्रेता, ई-कॉमर्स इकाई अथवा प्रेषक से जोड़कर उत्पाद, कूरियर, पैकेज या पार्सल पहुंचाने की सेवा दी जाती है। यानी ऐप आधारित यात्री परिवहन के साथ डिलीवरी और लॉजिस्टिक नेटवर्क भी इसके दायरे में आते हैं।

## किराये पर भी सरकार की नजर




## आवेदन से लाइसेंस तक, कंपनियों के लिए तय हुई स्पष्ट व्यवस्था

नई नीति के तहत एग्रीगेटर को संचालन के लिए निर्धारित प्रक्रिया का पालन करना होगा। आवेदन की फीस 25 हजार रुपये और लाइसेंस प्रदान करने की फीस पांच लाख रुपये निर्धारित की गई है। इससे एग्रीगेटर सेवाओं के संचालन के लिए एक स्पष्ट और औपचारिक नियामक व्यवस्था तैयार होगी। इस व्यवस्था का फायदा सरकार के साथ-साथ कंपनियों को भी होगा। कंपनियों को नियमों, सुरक्षा मानकों और सेवा की गुणवत्ता को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश मिलेंगे, जबकि परिवहन विभाग के पास एग्रीगेटर सेवाओं की निगरानी के लिए व्यवस्थित ढांचा रहेगा।

## सुरक्षा जमा राशि से कंपनियों की जवाबदेही बढ़ेगी

नीति में एग्रीगेटर द्वारा जमा की जाने वाली सुरक्षा राशि को वाहन बेड़े के आकार से जोड़ा गया है। नियम के अनुसार 100 बस या 1,000 अन्य मोटरयान तक के बेड़े के लिए 10 लाख रुपये, 1,000 बस या 10,000 अन्य मोटरयान तक के बेड़े के लिए 25 लाख रुपये और 1,000 से अधिक बस या 10,000 से अधिक अन्य मोटरयान वाले बड़े बेड़े के लिए 50 लाख रुपये की सुरक्षा जमा राशि निर्धारित की गई है। इससे बड़े स्तर पर कारोबार करने वाले एग्रीगेटरों की जवाबदेही बढ़ेगी। सुरक्षा जमा राशि का प्रावधान यह सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण है कि लाइसेंस की शर्तों या मोटर वाहन कानून एवं नियमों के उल्लंघन की स्थिति में नियामकीय कार्रवाई प्रभावी तरीके से की जा सके। नई नीति में यात्रियों से लिए जाने वाले किराये को लेकर भी महत्वपूर्ण व्यवस्था की गई है। एग्रीगेटर द्वारा डायनेमिक प्राइसिंग के माध्यम से किराया बढ़ाए जाने की स्थिति में निर्धारित बेस फेयर से अधिकतम 50 प्रतिशत तक किराया निर्धारित करने की व्यवस्था की गई है। इससे मांग बढ़ने के समय किराये में होने वाली अत्यधिक वृद्धि पर नियंत्रण रखने में मदद मिलेगी।

# कल्याण सिंह के आदर्श एवं विचार सदैव मार्गदर्शन करते रहेंगे- केशव प्रसाद मौर्य

## सपा कांग्रेस से जनता को बचाना भाजपा का राष्ट्रधर्म

**लखनऊ ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को लखनऊ स्थित सरकारी आवास, सात कालिदास मार्ग पर उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राजस्थान के पूर्व राज्यपाल, पद्म विभूषण से सम्मानित कल्याण सिंह बाबूजी की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि श्रद्धेय कल्याण सिंह का संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, जनकल्याण और सांस्कृतिक स्वाभिमान के प्रति अटूट समर्पण की प्रेरणादायी मिसाल है। उनके आदर्श एवं विचार सदैव हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे। विपक्ष पर निशाना साधते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बात जब राष्ट्रवाद के विरोध और तुष्टीकरण के ज़रिए वोट साधने की हो तो कांग्रेस व समाजवादी पार्टी (सपा) दोनों एक ही कुंड में गोता लगाने में क़तई परहेज़ नहीं करते हैं। देश के स्वाभिमान से समझौता करने में दोनों एक-दूसरे पर बीस हैं। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि कांग्रेस को राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' से परहेज़ है। वहीं समाजवादी पार्टी राग अलाप रही है कि उसकी सरकार बनने पर अपने उस तुर्रम ख़ां मुस्लिम नेता को गृह मंत्री बनाएगी जो भारत माता को डायन कहता रहा हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत की बात करने पर दोनों कान में तेल डालकर सो जाते हैं। दोनों दलों को समझना चाहिए 2047 में विकसित भारत का संकल्प पूरा होने तक जनता न तो उत्तर प्रदेश में सपा को सत्ता सौंपने वाली है और न देश की बागडोर कांग्रेस को। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार देश और प्रदेश को दिन दूनी, रात चौगुनी गति से प्रगति के पथ पर आगे बढ़ा रही हैं। मोदी का ईमानदार नेतृत्व विकास, सुरक्षा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित है।

# कल्याण सिंह ने सत्ता गंवायी लेकिन रामभक्तों पर गोली नहीं चलाई- योगी

**लखनऊ ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्रवार को अटल बिहारी बाजपेयी इकाना स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता की ओर से मैं बाबू जी के चरणों में विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि कल्याण सिंह ने प्रभु श्रीराम के लिए अपनी सत्ता गंवायी लेकिन रामभक्तों पर गोली नहीं चलाई। याद करिए राम जन्मभूमि आन्दोलन को उन्होंने कहा कि संघर्ष स्वीकार है। सत्ता दूर हो स्वीकार है लेकिन प्रभु श्रीराम का अपमान स्वीकार्य नहीं है। आज जब अयोध्या में भव्य राम मंदिर को देखते हैं तो बाबू कल्याण सिंह की स्मृति जीवंत हो उठती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे लम्बे समय तक बाबू कल्याण सिंह के साथ विभिन्न कार्यक्रमों में रहने का अवसर प्राप्त हुआ है। %आज का दिन हिंदू गौरव दिवस है। बाबूजी की स्मृतियां हमारे लिए प्रेरणा हैं। आदमी अपने कर्मों से बड़ा व महान होता है। अतरौली के एक सामान्य किसान परिवार में जन्म लेने वाले बाबू जी अपनी कर्मठता और देश के प्रति समर्पण के भाव से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पाठशाला में तपे हुए एक स्वयंसेवक के रूप में, एक किसान, एक शिक्षक, एक विधायक, सांसद, एक मंत्री व एक मुख्यमंत्री व राज्यपाल के रूप में संवैधानिक दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया।

Hero
रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर हीरो लाया है अपने स्कूटर्स पर शानदार ऑफर
Hero
HERO KA SCOOTER, SCOOTER KA HERO



Cash Discount
3000/-



Cash Discount
2100/-



Cash Discount
5000/-

फाइनेंस सुविधा भी उपलब्ध मात्र 9999 के डाउन पेमेंट पर
कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407


//23+ years of LEGACY
THE FUTURE WITH
ARTIFICIAL INTELLIGENCE.
Degree Programme
B.V.Sc & A.H.
BAMS
BNYS
B.Pharmacy
Post Basic BSc Nursing
B.Sc. Nursing
B.P.T.
B.M.L.S.
B.Optometry
B.Sc. Microbiology
B.Sc. Biotechnology
B.Sc. Food Technology
B.Tech (CSE)
BCA
B.Sc. (Computer Sc.)
BBA
BBE
B. COM
BA LL.B
BBA LL.B (Hons.)
B.Sc.I B.Sc. Hons (PCM/ZBC)
B.Sc. Agriculture (Hons.)
B.Sc. Home Science
Diploma Programme
Diploma in Agriculture
Diploma in Veterinary Science
Live Stock Extension I Veterinary Pharmacy
Diploma in Pharmacy
Diploma in Engineering (Polytechnic)
Diploma in Elementary Education (BTC)
G.N.M. I A.N.M.
CONTACT US:
7055604050
7055604040
www.vivekuniversity.ac.in
VIVEK UNIVERSITY, BIJNOR
Moradabad Road, Bijnor (U.P.) 246701